ज्ञानामृत

जीवन में कोई चीज़ इतनी हानिकारक और ख़तरनाक नहीं, जितना डाँवाँडोल स्थिति में रहना।

▸▸ सुभाष चंद्र बोस

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | भोपाल, शुक्रवार, 20 जून 2025 | वर्ष- 10 | अंक- 186 | पेज- 08 | मूल्य- ₹5.00/-

### विश्व सिकल सेल दिवसः बड़वानी में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन को मुख्यमंत्री मोहन ने किया वर्चुअली संबोधित, बोले-

# समय आ गया है कि कुंडली के साथ हम सिकल सेल जेनेटिक कार्ड भी मिलाएं

**विजय मत ब्यूरो बड़वानी/इंदौर**

विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर बड़वानी में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारे समाज में शादी से पहले कुंडली मिलान की परंपरा है। अब समय आ गया है कि कुंडली के साथ हम वर-वधु का सिकल सेल जेनेटिक कार्ड भी मिलाएं। इस बीमारी का पता जितनी जल्दी चल जाए इसे नियंत्रण में रखने और रोगी को स्वस्थ रखने की संभावना उतनी ही अधिक होती है। प्रदेश का जनजातीय समाज बड़ी संख्या में इस बीमारी से प्रभावित है। सिकल सेल हमारे लिए केवल एक स्वास्थ्य संकट नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक चुनौती भी है। वर्ष 2047 तक सिकल सेल को जड़ से मिटाने का लक्ष्य लेकर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन-2047 प्रारंभ किया गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्क्रीनिंग, रोग प्रबंधन, परामर्श और जन-जागरूकता, इन चारों महत्वपूर्ण स्तरों पर प्रदेश में समन्वित रूप से कार्य किया जा रह है। प्रदेश में अब तक 1 करोड़ 6 लाख से नागरिकों की सिकल सेल स्क्रीनिंग पूरी की जा चुकी है। सभी चिन्हित मरीजों को हाइड्रॉक्सी यूरिया, फॉलिक एसिड और निःशुल्क रक्तदान की सुविधा दी जा रही है। सिकल सेल रोगियों की जेनेटिक कॉउंसिलिंग का कार्य भी जारी है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खरगोन जिले में नए मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे संपूर्ण निमाड़ अंचल को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव बड़वानी पहुंचने के लिए भोपाल से रवाना हुए लेकिन मौसम खराब होने के कारण वे बड़वानी नहीं पहुंच पाए और उन्होंने इन्दौर से ही कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया।

### जनजातीय अंचलों में खोली जा रहीं फूड प्रोसेसिंग यूनिट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बड़वानी, झाबुआ, धार सहित प्रदेश के अन्य जनजातीय बहुल जिलों के लिए अनेक कल्याणकारी कदम उठाए हैं। निमाड़ के किसानों को अब सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा। राज्य सरकार ने तापी मेगा रीचार्ज परियोजना पर कार्य शुरू किया है। जनजातीय अंचलों में फूड प्रोसेसिंग यूनिट करने के अभियान अंतर्गत प्रदेशभर में कृषि मेले लगाए जा रहे हैं। राज्य सरकार ने तीसरी फसल मूंग के लिए सरकारी खरीद शुरू करने के लिए पंजीयन शुरू कर दिया हैं। बिजली बिल से मुक्ति दिलाने के लिए किसानों को सोलर पंप दिए जा रहे हैं। सरकार ने 2600 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदकर किसानों को लाभ दिया है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रदेश में दूध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास जारी हैं।

### लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन पर भेजेंगे अतिरिक्त 250 रुपए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहन-बेटियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अभियान चल रहा है। अगले महीने प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन मनाने के लिए 250 रुपए की अतिरिक्त राशि उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी। बहनों के साथ युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं। पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए ओंकारेश्वर में एकात्म धाम के विकास के लिए लगभग 22 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। प्रदेश के 19 धार्मिक शहरों में शराबबंदी का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है।

### राज्यपाल पटेल ने प्रदेश ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर सिकल सेल एमीनिया के प्रति जागरुकता अभियान चलाया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने प्रदेश ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर सिकल सेल एमीनिया के प्रति जागरुकता अभियान चलाया है। प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र को इसका लाभ मिला है। सिकल सेल बीमारी से भावी पीढ़ियां खराब हो जाती हैं। सिकल सेल बीमारी से जनजातीय क्षेत्रों में सामाजिक और आर्थिक संकट खड़ा हो रहा है। सिकल सेल एनीमिया होने पर हमारी रक्त कोशिकाएं सिकुड़ने लगती हैं। यह बीमारी आनुवांशिक तौर पर आगे बढ़ती रहती है। प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने बड़े पैमाने पर स्क्रीनिंग की है। इसमें बड़वानी जिले के सिकल सेल से सबसे ज्यादा प्रभावित होने की जानकारी मिली। यहां सिलक मित्र तैनात किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिकल सेल एमीनिया से डरने की आवश्यकता नहीं है। स्क्रीनिंग और रोकथाम के योग्य तरीकों से इस बीमारी से मुक्ति मिल सकती है। नवजात शिशुओं की जांच के लिए एम्स भोपाल में सिकल सेल जांच यूनिट शुरू की गई है। प्रदेश में जारी अभियान सिकल सेल के खिलाफ युद्ध छेड़ने जैसा है।

### ईरान-इजराइल की जंगः इजराइली हमले में 639 ईरानियों की मौत

# इजराइल बोला- खामेनेई मॉडर्न हिटलर, उन्हें जीने का हक नहीं

**ईरान ने इजराइली अस्पताल पर मिसाइलें दागीं, 176 घायल**

**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी**


इजराइल ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई को मॉडर्न हिटलर कहा है। इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने गुरुवार को कहा कि खामेनेई मॉडर्न हिटलर हैं। उनके जैसे तानाशाह को जीने का अधिकार नहीं है। उन्होंने हमेशा अपने एजेंटों के जरिए इजराइल को खत्म करना चाहा है। काट्ज का यह बयान आज सुबह इजराइल के चार शहरों- तेल अवीव, बीर्शेबा, रमत गण और होलोन पर ईरान के मिसाइल हमले के बाद आया है। ईरान ने 30 मिसाइलें दागीं, जिनमें 7 मिसाइल तेल अवीव स्थित इजराइली स्टॉक एक्सचेंज बिल्डिंग, बीर्शेबा में एक अस्पताल सहित कई जगहों पर गिरीं। इन हमलों में 176 लोग घायल हुए हैं। 6 लोगों की हालत गंभीर है। इजराइली डिफेंस सिस्टम ने बाकी मिसाइलों को गिरने से रोक दिया। इजराइली पीएमबेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हम ईरान से इजराइली नागरिकों और अस्पतालों पर हमले की पूरी कीमत वसूलेंगे।



### इजराइल के 24 लोग मारे गए

ईरान और इजराइल के बीच जंग सातवें दिन में पहुंच गई है। अब तक इजराइल के 24 लोग मारे गए हैं। वहीं, वॉशिंगटन स्थित एक ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दावा किया है कि ईरान में मौत का आंकड़ा अब 639 हो चुका है और 1329 लोग घायल हुए हैं। इजराइल ने भी ईरान में अराक हैवी वॉटर रिएक्टर पर हमला किया। हमले के बाद हुए नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। हमले से कुछ घंटे पहले ही इजराइली सेना ने अराक और खोंडब शहर के लोगों को इलाका खाली करने की चेतावनी दी थी।

## रूस ने अमेरिका को चेताया- ईरान के खिलाफ कार्रवाई की तो होंगे नुकसानदेह नतीजे



रूस ने गुरुवार को अमेरिका को चेतावनी दी कि वह ईरान के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई न करे, क्योंकि अटकलें लगाई जा रही हैं कि अमेरिका, इस्राइल के साथ युद्ध में शामिल हो सकता है। समाचार एजेंसी एएफपी ने बताया कि रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा, हम खास तौर पर वॉशिंगटन को चेतावनी देना चाहते हैं कि वह इस स्थिति में कोई सैन्य दखल न दे। उन्होंने कहा कि ऐसा करना बहुत ही खतरनाक कदम होगा, जिसके पूरी तरह से अनपेक्षित और नुकसानदेह नतीजे हो सकते हैं।

### जिनपिंग ने पुतिन से कहा- ईरान-इजराइल में सीजफायर जरूरी

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने गुरुवार को फोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने ईरान पर हमलों के लिए इजराइल की निंदा की और माना कि दोनों देशों के बीच तनाव कम करने की जरूरत है। चीन की जिनपिंग ने पुतिन से कहा, ईरान और इजराइल के बीच सीजफायर करवाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। मिलिट्री ऑपरेशन अंतरराष्ट्रीय विवादों को हल करने का सही तरीका नहीं है।

### नेतन्याहू बोले- ईरान में खामेनेई भी महफूज नहीं



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान में सुप्रीम लीडर खामेनेई सहित कोई भी अब महफूज नहीं है। नेतन्याहू ने गुरुवार शाम बीर्शेबा में सोरोका मेडिकल सेंटर का जायजा लेने के बाद मीडिया को यह बयान दिया। ईरान ने आज सुबह सोरोका मेडिकल सेंटर पर हमला किया था। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि वे खामेनेई पर हमले की संभावना से इनकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, कोई भी महफूज नहीं है। सारे ऑप्शन खुले हुए हैं। प्रेस में इस बारे में बात न करना ही बेहतर है। नेतन्याहू ने ईरान के खिलाफ संघर्ष में अमेरिका के शामिल होने की संभावना पर कहा, यह अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प का फैसला होगा। वह वही करेंगे जो अमेरिका के लिए अच्छा है, और मैं वही करूंगा जो इजराइल के लिए अच्छा है।

### ईरान के दो-तिहाई मिसाइल लांचरों को निशाना बनाया

इजराइल डिफेंस फोर्स ने दावा किया है कि उसने ईरान के दो-तिहाई बैलिस्टिक मिसाइल लांचरों पर हमला किया है। एक इजराइली सैन्य अधिकारी ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि सेना का अनुमान है ईरान के पास अभी भी 100 से ज्यादा मिसाइल लांचर हैं।

### जेनेवा में आज परमाणु वार्ता में भाग लेगा ईरान

ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के बीच, ईरान के विदेश मंत्री ने कहा है कि उनका देश फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ शुक्रवार को जेनेवा में परमाणु वार्ता में भाग लेगा। एक जर्मन राजनयिक स्रोत ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन के विदेश मंत्री पहले यूरोपीय संघ के सीनियर राजनयिक काजा कालास के साथ जेनेवा में जर्मनी के स्थायी मिशन में मिलेंगे। इसके बाद सभी ईरानी विदेश मंत्री के साथ एक जॉइंट मीटिंग करेंगे।


### गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 82 अंक टूटा, निफ्टी भी फिसला

**मुंबई, एजेंसी।** बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी गुरुवार को लगातार तीसरे सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। शेयर बाजार इस्राइल-ईरान युद्ध और अमेरिकी फेडरल द्वार ब्याज दरें अपरिवर्तित रखने के निर्णय से प्रभावित हुआ। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 82.79 अंक या 0.10 प्रतिशत गिरकर 81,361.87 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 392.9 अंक का उतार-चढ़ाव देखा और 81,583.94 अंक के उच्चतम और 81,191.04 अंक के न्यूनतम स्तर को छुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 18.80 अंक या 0.08% गिरकर 24,793.25 अंक पर आ गया।

### शाह बोले | हमारे देश की भाषाओं के बगैर हम भारतीय नहीं

# देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द शर्म आएगी, ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, इस देश में जो लोग अंग्रेजी बोलते हैं, उन्हें जल्द ही शर्म आएगी। ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं है। उन्होंने यह बयान गुरुवार को नई दिल्ली में पूर्व आईएएस आशुतोष अग्निहोत्री की बुक मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं के विमोचन के मौके पर दिया। शाह ने हिंदी समेत भारतीय भाषाओं के भविष्य पर कहा, अपना देश, अपनी संस्कृति, अपना इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती। अधूरी विदेशी भाषाओं के जरिए संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। मैं अच्छी तरह जानता हूं, यह लड़ाई कितनी कठिन है, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय समाज इसे जीतेगा।

### 2047 तक हम दुनिया में टॉप पर होंगेः शाह

अमृत काल के लिए पीएम मोदी ने पंच प्रण की नींव रखी है। पांच प्रतिज्ञाएं 130 करोड़ लोगों का संकल्प बन गई हैं। यही कारण है कि 2047 तक हम टॉप पर होंगे और हमारी भाषाएं इस यात्रा में प्रमुख भूमिका निभाएंगी। शाह ने कहा कि इन पांच प्रतिज्ञाओं में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना, गुलामी के हर निशान से छुटकारा पाना, अपनी विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता के लिए प्रतिबद्ध रहना और हर नागरिक में कर्तव्य की भावना जगाना शामिल है।

## कनाडा ने माना, खालिस्तानी चरमपंथी भारत के खिलाफ उसकी जमीन का कर रहे इस्तेमाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कनाडा ने पहली बार माना कि खालिस्तानी उसकी जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ हिंसा फैलाने, वित्तीय मदद जुटाने और साजिश रचने के लिए कर रहे हैं। साथ ही पहली बार कनाडा ने खालिस्तानियों के लिए चरमपंथी शब्द का इस्तेमाल किया। कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा की 2024 की रिपोर्ट बुधवार को जारी की गई।



खुफिया एजेंसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अस्सी के दशक के मध्य से कनाडा में राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसक चरमपंथ का खतरा खालिस्तानी चरमपंथियों के माध्यम से प्रकट हुआ है, जो भारत के पंजाब प्रांत के भीतर खालिस्तान नामक एक स्वतंत्र राष्ट्र के गठन के वास्ते हिंसक साधनों का उपयोग करना चाहते हैं।

## केंद्र ने 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र की मोदी सरकार ने 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। 8वां वेतन आयोग लागू होने के साथ ही देश के 1 करोड़ से ज्यादा केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स की सैलरी और पेंशन में बड़ा बदलाव होगा। संशोधित वेतन संरचना 1 जनवरी, 2026 से लागू होने की उम्मीद है। हालांकि, आयोग के गठन में देरी ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बीच चिंता बढ़ा दी है। आयोग का एक प्रमुख फोकस फिटमेंट फैक्टर होगा। जबकि 7वें वेतन आयोग ने कारक को 2.57 पर सेट किया था, इस 8वें वेतन आयोग के तहत बढ़ाकर 2.86 किए जाने की संभावना है। अगर फिटमेंट फैक्टर में 2.57 से बढ़कर 2.86 होगा तब समायोजन संभावित रूप से न्यूनतम मूल वेतन 18,000 रुपये से करीब 51,480 रुपये तक बढ़ा सकता है। हालांकि, अंतिम निर्णय आयोग के नवनियुक्त सदस्यों पर निर्भर रहेगा। आधार वेतन समायोजन के अलावा, हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए) और ट्रैवल अलाउंस (टीए) जैसे भत्तों में भी कर्मचारी पोस्टिंग और यात्रा आवश्यकताओं के आधार पर अपडेट देखने को मिल सकते हैं। नतीजतन, एक ही वेतन ग्रेड के दो कर्मचारियों की कुल आय उनके भत्ते के हक में भिन्नता के कारण अलग-अलग हो सकती है। इसके अलावा, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) और केंद्र स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) में योगदान भी प्रभावित होगा।

## विमान और उसके इंजन में उड़ान से पहले कोई समस्या नहीं थीः एअर इंडिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे को लेकर जानकारी साझा की है। उन्होंने कहा कि विमान का रखरखाव अच्छी तरह से किया गया था, इसकी आखिरी बड़ी जांच जून 2023 में और अगली जांच दिसंबर 2025 में निर्धारित की गई थी। इसके दाहिने इंजन की मार्च 2025 में मरम्मत की गई थी और बाएं इंजन का अप्रैल 2025 में निरीक्षण किया गया था। विमान और इंजन दोनों की नियमित रूप से निगरानी की गई थी, जिससे उड़ान से पहले कोई समस्या नहीं दिखी। हम पूरे विमानन उद्योग के साथ आधिकारिक जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।




# छिंदवाड़ा में आदिवासी युवती का अपहरण कर की शादी, 12 दिन तक हुआ गैंगरेप

### पीड़िता ने लगाए 7 युवकों पर आरोप, कहा- पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

**विजय मत, ब्यूरो छिंदवाड़ा**

छिंदवाड़ा में एक आदिवासी युवती का अपहरण कर बंधक बनाकर गैंगरेप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने गुरुवार को मीडिया के सामने आपबीती सुनाई। उसने कहा कि 1 जून को मेरा अपहरण किया गया। जबरन शादी कराकर 12 दिन तक बंधक बनाए रखा। 7 आरोपियों ने गैंगरेप किया। पीड़िता ने शिकायत के बावजूद पुलिस पर कोई कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। युवती ने जिन 7 लोगों पर आरोप लगाए हैं, उनमें एक नाबालिग भी शामिल है। वहीं टीआई देहात थाना जीएस राजपूत ने बताया कि युवती ने शिकायत की है। पुलिस जांच कर रही हैं। जांच होते ही पुलिस सामने आए तथ्यों के आधार पर मामला दर्ज करेगी।



**काम के बहाने बुलाया, फिर अपहरण कर ले गए...**

पीड़िता ने बताया कि वह आदिवासी समुदाय से है, कम पढ़ी-लिखी है और मानसिक रूप से कमजोर है। 1 जून 2025 को वह गुरैया के शांति वेयर हाउस में मजदूरी करने गई थी। शाम को बाजार में सामान खरीदते समय आरोपी अंजू ने शीतल को फोन कर बुलाया और फिर मोंटी और शीतल उसे जबरन दोपहिया वाहन से अपने साथ गुरैया देव स्थित घर ले गए। वहां रात भर उसे कमरे में बंद करके रखा गया।

**पुलिस पर आरोप, FIR के बाद भी कार्रवाई नहीं...**

परिजनों ने 2 जून को देहात थाना छिंदवाड़ा में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिजनों और पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने अब तक किसी भी आरोपी के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की है। गुलाबी गैंग कमांडर पूर्णिमा वर्मा ने इसे पुलिस प्रशासन की लापरवाही और आदिवासी वर्ग के प्रति उदासीनता बताया।

**विजय मत एंकर** | लोग एयर कंडीशनर का खूब इस्तेमाल कर रहे हैं जिससे कई स्वास्थ्य समस्याएं हो रही

# गर्मी से बचाता है एसी, लेकिन सेहत के लिए है बेहद खतरनाक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इन दिनों भारत भीषण गर्मी का सामना कर रहा है। हीटवेव से राहत पाने के लिए लोग एसी खूब इस्तेमाल कर रहे हैं। ये आपको भले ही गर्मी से राहत दिलाने का काम करता है, लेकिन इससे सेहत को कई नुकसान हो रहे हैं। लोग घर को ठंडा रखने के लिए एसी का टेंपरेचर 18 से 20 डिग्री सेल्सियस तक कर देते हैं। हालांकि ये आपके लिए खतरनाक हो सकता है। बहुत लंबे समय तक एयर कंडीशनर का इस्तेमाल करने से आपको कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। उनमें सांस की समस्या, हार्ट प्रॉब्लम या स्किन प्रॉब्लम से जुड़ी दिक्कतें शामिल हैं। एसी की वजह से अब लोगों ने बाहर निकलना तक कम कर दिया है। आज का हमारा लेख भी इसी विषय पर है। हम आपको एसी से सेहत को होने वाले नुकसान के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही ये भी बताएंगे कि एसी ने लोगों को इनडोर जनरेशन कैसे बना दिया।



### सेहत को ऐसे नुकसान पहुंचाता है एसी

हीटवेव से बचने के लिए एसी आरामदायक भले हो सकता है, लेकिन इससे सेहत को कई नुकसान भी होते हैं, जो इस प्रकार हैं - लंबे समय तक एसी में रहने से आपके शरीर की नमी खत्म हो जाती है। इससे ड्राई स्किन की समस्या हो जाती है। एसी हमारी आंखों में भी जलन या खुजली जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है। अगर आप पहले से Dry Eye Syndrome जैसी समस्या से जूझ रहे हैं, तो आपको एसी में लंबे समय तक रहने से बचना चाहिए। इसके अलावा आपको सिर दर्द की समस्या भी हो सकती है। एसी में रहने वाले लोगों में नाक बंद होने, गला सूखने या खांसी और जुकाम की समस्या देखने को मिलती है। गर्मी में सभी लोग एसी में बैठना पसंद करते हैं। ये सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है। कम तापमान के कारण स्किन को नुकसान होता है।

**कार्यालयः** भोपाल ■ शहडोल ■ इंदौर ■ जबलपुर ■ होशंगाबाद ■ विदिशा ■ सीहोर ■ बैतूल ■ छिंदवाड़ा ■ ग्वालियर ■ ब्यौहारी ■ अनूपपुर ■ उमरिया ■ सीधी ■ सिंगरौली ■ रीवा ■ सतना ■ बालाघाट ■ सिवनी ■ कटनी ■ सागर ■ मुलताई ■ मुरैना ■ टीकमगढ़ ■ रायपुर ■ बिलासपुर ■ भिलाई

## न्यूज इन शॉर्ट



### अवैध शराब के विरूद्ध उमरिया पुलिस की बड़ी कार्यवाही

उमरिया। पुलिस अधीक्षक उमरिया श्रीमति निवेदिता नायडू के निर्देशन में उमरिया पुलिस अवैध गतिविधियों के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है इसी कड़ी में थाना कोतवाली द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर देशी, अंग्रेजी एवं महुआ शराब सहित कुल 60 लीटर अवैध शराब जप्त की गई है। थाना कोतवाली के मुखबिर द्वारा 17 जून को सूचना प्राप्त हुई कि नैगमाटोला निवासी भईयालाल रजक अपने किराना दुकान व बगल बाले कमरे में देशी, अंग्रेजी एवं महुआ शराब अवैध रूप से बिक्री हेतु रखे हुये है। प्राप्त सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा नियमानुसार त्वरित कार्यवाही करते हुये मुखबिर के बताये हुये स्थान पर रेड कार्यवाही की गई। आरोपी भईयालाल रजक के दुकान एवं बगल बाले कमरे की विधिसंगत कार्यवाही करते हुये तलाशी ली गई जिस पर दुकान से 01 प्लास्टिक की 10 लीटर की गैलन महुआ शराब से भरी एवं बगल बाले कमरे में 02 प्लास्टिक की 10 लीटर की गैलन महुआ शराब से भरी पाई गई इसके साथ साथ 03 नग कार्टून जिसमे से 02 नग कार्टून में कुल 100 पाव (18 लीटर) देशी प्लेन मदिरा एवं 01 नग कार्टून में 24 नग वीयर केन (प्रत्येक 500 एमएल) आरोपी के पास से पाई गई। आरोपी से उपरोक्त के संबंध में आवश्यक वैध दस्तावेज चाहे गये जो प्रस्तुत न करने की स्थिति पर संपूर्ण देशी, अंग्रेजी एवं महुआ शराब सहित कुल 60 लीटर अवैध शराब कर आरोपी के विरूद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया जाकर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### अवैध मादक पदार्थ बिक्री करने पर मामला कायम

उमरिया। मानपुर थाना अंतर्गत ग्राम देवरी में आरोपी व्दारा अवैध मादक पदार्थ की बिक्री किए जाने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफमामला कायम कर लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने सूर्यश्याम पिता आशाराम पटेल उम्र 40 साल निवासी ग्राम नौगवां पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उसके पास से 0.595 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा जप्त किया है, जिसकी कीमत 5950 रूपये है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया हैं। मामले की विवेचना की जा रही है।

### मारपीट करने पर मामला दर्ज

उमरिया। कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम धनवाही मे आरोपी व्दारा फरियादी से गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई। जानकारी अनुसार सुमित्रा यादव पति आनंद कुमार यादव उम्र 50 साल की शिकायत पर आरोपी दिद्दा यादव, संत कुमार यादव, धन्न यादव, सुनैना यादव धनवाही पर पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामलें की विवेचना की जा रही है।

### ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण आज

उमरिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन व्दारा ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी वेयर हाउस का निरीक्षण 20 जून को प्रातः 11 बजे किया जाएगा। उन्होने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा है कि ईव्हीएम गोडाउन कलेक्ट्रेट परिसर उमरिया में स्वयं या अपने प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपेक्षा की है।

### हार्वेस्टर और राखड़ टैंकर की भिड़ंत में दो घायल

उमरिया। मंगलवार की दोपहर जिले में हुए एक सड़क हादसे में हार्वेस्टर और राखड़ टैंकर की आमने-सामने हुई टक्कर में हार्वेस्टर चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। यह दुर्घटना उस समय हुई जब दोनों वाहन तेज गति से अपने-अपने मार्ग पर चल रहे थे और अनियंत्रित होकर टकरा गए। घटना के प्रत्यक्षदर्शी भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मिथिलेश मिश्रा ने तत्काल मानवीयता का परिचय देते हुए घायल लोगों को मौके से सुरक्षित निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। उनकी त्वरित प्रतिक्रिया से घायलों को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सकी, जिससे उनकी जान बच पाई। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र तिवारी भी मौजूद रहे है। स्थानीय लोगों और प्रशासन ने भाजपा नेताओं की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की है। वहीं, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

वन्य जीवों विशेषकर हाथी के विचरण मार्ग का पूर्वानुमान लगाने तथा सुरक्षा उपाय अपनाने की दिशा में किया जा रहा है कार्य- संचालक नेशनल पार्क बांधवगढ़

# आपसी समन्वय, सहयोग तथा सुरक्षा के मानको को अपनाकर वन्य जीवों एवं मानव दुर्घटनाओं को रोकने के प्रयास आवश्यक- कमिश्नर

**विजय मत, शहडोल**

संभाग में गत वर्ष 10 जंगली हाथियों की आकस्मिक दुर्घटना में मौत हो गई थी जो दुखद है। भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए निर्णयात्मक योजना तैयार कर अमल में लाना आवश्यक है, इसके लिए बांधवगढ़ नेशनल पार्क तथा संजय दुबरी नेशनल पार्क के अंतर्गत आने वाले जिलों में जहा से वन्य जीवों विशेषकर हाथियों के समूह गुजरते है उन मार्गो का चिन्हाकन तथा इसकी जानकारी आम जन तक पहुंचाकर सुरक्षा उपायो को अपनाने के लिए सभी विभाग आपस में समन्वय, सहयोग तथा सुरक्षा के मानको को अपनाकर वन्य जीवों एवं मानव दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक प्रयास करें। यह निर्देश आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संभागीय मुख्यालय शहडोल में अमरकंटक सभागार में आयोजित वन्य जीवों एवं मानव सुरक्षा संबंधित बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में बांधवगढ़ नेशनल पार्क के संचालक डॉ. अनुपम सहाय, वन संरक्षक शहडोल अजय पाण्डेय, कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह, कलेक्टर उमरिया धरणेंद्र जैन, कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली, उपसंचालक बाधवगंढ़ नेशनल पार्क पीके




वर्मा, उप संचालक संजय नेशनल पार्क, शहडोल, उमरिया तथा अनूपपुर के वन मंडलाधिकारी, कृषि, उद्यानिकी, विद्युत मंडल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि वैज्ञानिक, पशु चिकित्सा विभाग,लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

#### संवेदनशीलता से दायित्वों का करें निर्वहन

आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने कहा कि हम सब शासकीय सेवक है, जन सेवा ही हम सब का लक्ष्य है सभी लोग संवेदनशीलता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। आपने निर्देश दिए कि वन्य जीवों के साथ होने वाली दुर्घटनाओं का अध्ययन कर आवश्यक दवाओं तथा पीएम किट की व्यवस्था रखी जाए, पशु चिकित्सा विभाग के अमले को वन्य जीवों की चिकित्सा संबंधित प्रशिक्षण दिया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को सुरक्षात्मक उपायो को अपनाने के लिए जागरूक किया जाए। वन क्षेत्रों से गुजरने वाली विद्युत लाइन के निर्धारित ऊचाई तथा विद्युत लाइन की समय-समय पर मरम्मत की जाए। जिन मार्गो से हाथियों का विचरण होता है वहां क्राप पैर्टन में कृषि वैज्ञानिकों की सलाह की अनुसार परिवर्तन किया जाए। इन क्षेत्रों में करौदा, लेबन ग्रास, कैक्टस आदि कृषि गतिविधियां प्रोत्साहित की जाए।

#### वन्य जीवों के पुराने कुओं में गिरने से मौत की घटनाएं

बैठक में संचालक बाधवगढ़ नेशनल पार्क डॉ. अनुपम सहाय ने कहा कि वन्य जीवों विशेषकर हाथी के विचरण मार्ग का पूर्वानुमान लगाने तथा सुरक्षा उपाय अपनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। आपने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों के विचरण की सूचना हेतु अलार्म सिस्टम, मिर्ची की धुंआ, सोलर फैंसिग आदि गतिविधिया की जा रही है। आपने वन क्षेत्रों में एन्सुलेटेड, विद्युत वायर का उपयोग करने तथा बिजली के नंगे तार बिछाकर वन्य जीवों के शिकार पर रोक लगाए जाने हेतु सूचना प्रणाली तैयार करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि वन्य जीवों के पुराने कुओं में गिरने से मौत की घटनाएं प्रकाश में आई है इसके लिए ऐसे कुओं का चिन्हाकन कर उपयोग में आने वाली कुओं में मुरेड बनवाने तथा अनुपयोगी कुओ को मनरेगा योजना से बंद कराने का सुझाव भी दिया।

#### शासकीय अमले एवं ग्रामीणों के बीच समन्वय आवश्यक

बैठक में वन संरक्षक अजय पाण्डेय ने कहा कि हाथियों एवं मानव अंर्तद्वंद रोकने के लिए शासकीय अमले एवं ग्रामीणों के मध्य समन्वय आवश्यक है। आपने कहा कि विद्युत मंडल द्वारा जिन वन क्षेत्रों में विद्युत लाइनों को बदलने का काम किया जा रहा है वहां विभाग को पृथक से अनुमति लेने की आवश्यकता नही है। आपने हाथी विचरण वाले प्रभावित गांवो में सूचना प्रणाली मजबूत करने हेतु स्थानीय लोगो के समूह तैयार करने की भी आवश्यकता बताई।

बैठक में उप संचालक बाधवगढ नेशनल पार्क उमरिया श्री पीके वर्मा ने बताया कि गत वर्ष हाथियों की मौत की दुर्घटना के बाद घटना के कारणों तथा उन्हें रोकने हेतु अध्यन के पश्चात् रणनीति तैयार कर अमल में लाई जा रही है। आपने बताया कि हाथियों के विचरण मार्गो की जानकारी रखी जाती है, हाथियों को रेडियो कॉलर पहनाकर उनके व्यवहार की जानकारी रखी जाती है। जिन ग्रामों से हाथियों का विचरण देखने में आया है वहां जन जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही हाथी मित्र बनाए गए है, चरवाहा सम्मेलन कर लोगो को जागरूक किया गया है तथा सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध कराया गया है। कुछ ग्रामों में स्टीट लाइट तथा वाटसअप ग्रुप तैयार किये गए है। लोगो को हाथियों के विचरण के दौरान शांति बनाए रखने तथा उनके विचरण को प्रभावित नही करने का सुझाव दिया गया है।

# कुंडली मिले या न मिले, शादी से पहले सिकल सेल कार्ड जरूर मिलाएं- विधायक

**सिकल सेल दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ार लगाया गया शिविर**

**विजय मत, शहडोल**

विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जिले के स्वास्थ्य केंद्रों, ग्राम पंचायतों एवं अन्य स्थानों में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन हेतु जांच शिविर लगाया गया जिसमें काफी संख्या में लोगो की सिकल सेल एनीमिया की जांच की गई। सिकल सेल दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ार में विधायक जैतपुर श्री जयसिंह मरावी की उपस्थिति में सिकल सेल एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए विधायक ने कहा कि कुंडली मिले या न मिले, शादी से पहले सिकल सेल कार्ड जरूर मिलाएं। यदि दोनों युवा सिकल सेल वाहक होते हैं तो उनके बच्चों में गंभीर सिकल सेल रोग होने की आशंका बहुत अधिक होती है इसलिये विवाह से पहले सिकल सेल जांच कराना केवल व्यक्तिगत ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के स्वास्थ्य की रक्षा का एक सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। सिकल सेल एनीमिया शिविर में आए लोगो की सिकल सेल एनीमिया की जांच भी गई




तथा सिकल सेल के रोकथाम हेतु जागरूक किया गया। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर में आए लोगो को आधार कार्ड, आयुष्मान भारत, कार्ड जाति प्रमाण-पत्र, पीएम किसान, जनधन खातों के विवरण के साथ ही शिविर के माध्यम से सिकिल सेल रोग और उनके परीक्षण के बारे में आम जनता को जागरूक किया गया। हर घर जल, बिजली, पीएम उज्जवला योजना, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आगंनबडी केन्द्र की स्थापना, छात्रावास निर्माण, प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना, पोषण वाटिका, मोबाइल नेटवर्क कनेक्टविटी, स्किल इण्डिया मिशन, डिजिटल इनीशिएटिव्स, टिकाउ कृषि पध्दतिया योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत केपेसिटि बिल्डिंग ऑन एफआरए एवं ट्रायबल स्टे होम-स्वदेश दर्शन के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया।

जनजातीय कार्य मंत्रालय के द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार 15 जून से 30 जून 2025 तक जिले में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से चिन्हित गांव में धरती आबा अभियान अंतर्गत 40 वर्ष तक के आयु वर्ग के हितग्राहियों की सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग जांच किट से की जाएगी एवं स्क्रीनिंग का डाटा नेशनल सिकल सेल पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा।

### रमा दुबे उमरिया तो संतोष पाल कटनी के होंगे नए आरटीओ

उमरिया। मध्य प्रदेश में सरकारी विभागों के तबादलों के बीच परिवहन विभाग में भी तबादले आदेश जारी किए गए हैं। जिसमें प्रदेश के कई जिलों के परिवहन अधिकारी बदले गए हैं। उमरिया जिले में आरटीओ अधिकारी के पद पर पदस्थ रहे संतोष पाल का स्थानांतरण कटनी जिले के लिए किया गया है वही परिवहन अधिकारी श्रीमती रमा दुबे को जबलपुर के साथ उमरिया जिले का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### एक्सीडेंट करने पर मामला कायम

उमरिया। मानपुर थाना अंतर्गत ग्राम ताला में आरोपी व्दारा वाहन को तेजगति मे चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया गया। जानकारी अनुसार जगदीश एस्के पिता सुखम सिंह एस्के की शिकायत पर अज्ञात वाहन के खिलाफमामला कायम कर लिया हैं। मामले की विवेचना की जा रही हैं।

### युवती ने लगाई फांसी

उमरिया। कोतवाली थाना अंतर्गत मझगवां भरौला में युवती ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी अनुसार मृतिका का नाम गुडिया बाई बैगा पति राम स्वरूप बैगा उम्र 38 साल निवासी मझगवां भरौला है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है।

## जिला अस्पताल की रसोई बदहाल

**सात वर्षों में नहीं बना मॉड्यूलर किचन**



**विजय मत, शहडोल**

जिला चिकित्सालय की रसोई का संचालन वर्ष 2017 से प्रसूति वार्ड के बगल में किया जा रहा है, लेकिन सात वर्षों में भी यहां बुनियादी सुविधाएं तक मुहैया नहीं कराई गई हैं। न तो रसोई का समुचित मेंटेनेंस हुआ और न ही आज तक मॉड्यूलर किचन बन पाया। नतीजतन, यहां कार्यरत कर्मचारियों और मरीजों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

**सिर्फ रंगाई-पुताई तक सीमित रहा मेंटेनेंस**

रसोई में मेंटेनेंस के नाम पर केवल रंगाई-पुताई कराई गई है, वह भी वर्षों पहले। कर्मचारियों के अनुसार, रसोई में न तो पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था है और न ही विद्युत उपकरण काम कर रहे हैं। जगह-जगह सीलन और गंदगी का आलम है, जिससे रसोई की स्वच्छता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है।

**5 लाख का बजट फिर भी न बदली तस्वीर**

मई 2023 में स्वास्थ्य सेवाओं के संचालनालय द्वारा अस्पताल प्रबंधन को 5 लाख रुपए की राशि मॉड्यूलर किचन के निर्माण व आवश्यक मरम्मत कार्यों के लिए दी गई थी। परंतु इस राशि का उपयोग केवल रंगाई-पुताई तक ही सीमित रह गया। न तो मॉड्यूलर किचन बना और न ही अन्य जरूरी मरम्मत हुई। आज भी रसोई में रोटी बेलने के लिए पत्थर का प्लेटफार्म और गैस भट्टी का ही उपयोग हो रहा है।

**हर दिन 350 से अधिक मरीजों का बनता है भोजन**

अस्पताल की रसोई में प्रतिदिन 350 से 400 मरीजों के लिए भोजन तैयार किया जाता है। शासन की ओर से प्रति मरीज प्रतिदिन 37 रुपए का बजट तय है, जिसमें सुबह चाय-नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन शामिल है।

इसके बावजूद भोजन की गुणवत्ता और सफाई व्यवस्था पर नियमित जांच नहीं होती, जिससे आए दिन लापरवाही की शिकायतें सामने आती रहती हैं।

**मरीजों की सेहत पर संकट**

बुनियादी सुविधाओं के अभाव में तैयार हो रहा भोजन मरीजों की सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। मॉड्यूलर किचन और साफ-सुथरे माहौल के अभाव में संक्रमण और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ रहा है। यह स्थिति अस्पताल प्रबंधन की उदासीनता को उजागर करती है।

### युवा संगम रोजगार मेला में स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श हेतु लगाई गई ड्युटी

उमरिया। प्रधानमंत्री कौशल केंद्र खलेसर नाका में युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन 20 जून को प्रातः 10 बजे से आयोजित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा व्ही एस चंदेल ने युवा संगम रोजगार मेले में स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श हेतु वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा अनिल गुप्ता, नर्सिंग अधिकारी स्मीता पांडे, लैब टेक्नीशियन विश्व जीत रे, फर्मासिस्ट रंजनी मुरलीधरंन, काउंसलन आर के एस के राकेश चौधरी वर्षा त्रिपाठी की ड्युटी लगाई है। उन्होने कहा है कि अधिकारी कर्मचारी निर्धारित स्थल में उपस्थित होकर सामान्य स्वास्थ्य जांच, हीमोग्लोबिन, बीएमआई, ब्लड प्रेशर की जांच आवश्यकतानुसार उपचार व परामर्श प्रदान करेंगे।

### अंतर्राष्ट्रीय विश्व योग दिवस 21 जून को

**विजय मत, उमरिया**

जिला आयुष अधिकारी डा रितु दुबे ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय विश्व योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा, जिसका योगाभ्यास जैव विविधता केंद्र ताला बांधवगढ़ में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक मुकेश यादव व्दारा पूर्वाभ्यास कराया जा रहा है। उन्होने बताया कि 21 जून को जैव विविधता केंद्र ताला बांधवगढ में कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें योगा के सभी आयामों को कराया जाएगा। उन्होने कहा कि योग मानव जीवन के बहुत आवश्यक



है, योगा करने से मानव की बहुत बीमारियां स्वमेव की खत्म हो जाती है। योगा हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। उन्होने आम जन मानस से अपील की है अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जैव विविधता केंद्र ताला बांधवगढ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या पहुंचकर योगा करें।

# विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस पर जिला चिकित्सालय में कार्यक्रम संपन्न

**विजय मत, उमरिया**

विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय उमरिया में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर व्ही.एस चंदेल, धनुषधारी सिंह कि उपस्थिति मे कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनुषधारी सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री, प्रदेश के राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री के सपनों को साकार करने हेतु विभागों के अधिकारी कर्मचारी समय-समय पर उचित परामर्श जांच उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा देश को स्वस्थ एवं ऊर्जावान बनाए जाने हेतु मानव के मानसिक शारीरिक स्वास्थ्य बहुत जरूरी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में टारगेट अनुसार शत प्रतिशत से ज्यादा स्क्रीनिंग पूर्ण की जा चुकी है एवं निरंतर स्क्रीनिंग का कार्य स्वास्थ्य संस्थानों में जांच एवं परामर्श व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




किया जा रहे हैं। जेनेटिकल कार्ड का वितरण भी जिले में किया जा रहा है जिससे कि सिकल सेल वॉहक एवं रोगी की पहचान कर उनकी काउंसलिंग एवं उपचार को प्राथमिकता के साथ संपादित किया जा रहा है।

नोडल अधिकारी डॉ मुकुल तिवारी द्वारा जिले की स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग जिले में अब तक 2 लाख 17000 स्क्रीनिंग की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 436 सिकल सेल से ग्रसित मरीज पाए गए हैं एवं 2706 वाहक के रूप में पाए गए हैं जिनका समय-समय पर उपचार एवं परामर्श सेवाएं प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि सिकल सेल डिसेबिलिटी कार्ड 396 अब तक वितरण किया जा चुके हैं एवं एक 195000 कार्डो का वितरण किया जा चुका है।

नोडल अधिकारी डॉ मुकुल तिवारी ने आमजन से अपील की है कि सिकल सेल एनीमिया रोग को उन्मूलन करने हेतु समाज को आगे आना होगा एवं जागरूक होना होगा। उन्होंने बताया की शादी से पहले लड़का एवं लड़की की सिकल सेल एनीमिया की जांच करना आवश्यक है।

# राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य में घड़ियाल प्रजनन का सफल सीजन

- चम्बल क्षेत्र में घड़ियाल संरक्षण की दिशा में शानदार उपलब्धि

**विजय मत, भोपाल**

राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य द्वारा घड़ियालों के संरक्षण में शानदार उपलब्धि हासिल की गयी है। इस वर्ष अभयारण्य में घड़ियाल प्रजनन का सफल सीजन रहा है। विभिन्न नेस्टिंग साइड पर बड़ी संख्या में मादा घड़ियालों ने घोंसले बनायें। इन घोंसलों से घड़ियाल शिशु को सुरक्षित निकालना प्रारंभ हो चुका है। अभी तक नंदी गाँव में 46 घोंसले, बरौली में 32, बाबू सिंह घेर में 20, डाग वसई में 16, रैड्डी में 7 और भरा में 5 घोंसलों में से घड़ियालों के बच्चों को निकाला जा चुका है। इसके अतिरिक्त अन्य स्थलों पर भी घोंसलों से बच्चे निकल रहे हैं। चम्बल की सहायक नदी कूनो में भी 12 घोंसलों से बच्चे निकल चुके हैं, जो घड़ियालों की बढ़ती उपस्थिति और सफल प्रजनन का संकेत है।

निदेशक राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य के कुशल मार्गदर्शन और फील्ड में कार्यरत वनकर्मियों के अथक प्रयासों से यह सफलता मिली है। घड़ियाल प्रजनन स्थलों की पहचान, घोंसलों का चिन्हांकन और सुरक्षा की पूरी प्रक्रिया में फ्रंटलाइन स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वनकर्मियों ने घोंसलों को खोजकर उनके ऊपर काँटे लगाकर उन्हें सियार एवं परभक्षियों से सुरक्षित किया तथा हेंचिंग के समय इन काँटों को सावधानीपूर्वक हटाकर बच्चों को सुरक्षित निकालना सुनिश्चित किया।

वन विभाग द्वारा राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य क्षेत्र से 200 घड़ियाल अण?डों को एकत्र कर उन्हें घड़ियाल पुनर्वास केन्द्र देवरी भेजा गया। वहाँ उन्हें विशेष देखरेख में रखा गया।

### मानपुर के स्टेडियम मैदान में स्ट्रीट लाईट लगाने के साथ ही बैडमिंटन प्ले ग्राउंड का किया गया निर्माण



**विजय मत, उमरिया**

नगर परिषद मानपुर की अध्यक्ष भारती सतीश सोनी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वार्ड पार्षद ,वार्ड क्रमांक नंबर 5 अतुल तिवारी ,, उपयंत्री प्रभुनाथ पटेल एवं विद्युत उपयंत्री सत्य प्रकाश कुंभकार एवं नगर परिषद के सहयोग से खेल मैदान स्टेडियम मानपुर वार्ड क्रमांक नंबर 5 में स्टेडियम के चारों तरफ स्ट्रीट लाइट एवं खेल मैदान में बैडमिंटन प्ले ग्राउंड का निर्माण किया व स्टेडियम के चारों तरफ दीवार की पुताई एवं बाल पेंटिंग का सुंदर .श्य बनाया गया , जिसमें समस्त नगर वासी एवं ग्रामीण जन खेलों में उत्साह के साथ निकाय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि खेल मैदान में बैडमिंटन प्ले गाउंड के बन जाने पर अब खिलाडी इसका उपयोग कर सकेगे।

सीमा की रक्षा करने वाले जवानों और अन्न पैदा करने वाले किसानों के सम्मान के लिए काम कर रही है प्रदेश सरकारः मुख्यमंत्री

# लाड़ली बहनों को दीवाली से मिलेगी 1500 रुपए की राशि : सीएम डॉ. मोहन यादव

विजय मत, भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार देश की सीमा पर जान की बाजी लगाने वाले और सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों तथा खेतों में कड़ी मेहनत कर अन्न पैदा करने वाले किसानों के सम्मान के लिए काम कर रही है। हमारी सरकार कमजोर और गरीब वर्ग की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव खरगोन जिले के बेड़िया में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा घाटी विकास विभाग के अंतर्गत अम्बा-रोडिया माइक्रो उदवहन सिंचाई योजना का लोकार्पण सहित 266 करोड़ रुपए की लागत के 24 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया। उन्होंने सिकलसेल के मरीजों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति के प्रमाण-पत्र तथा हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर तरक्की कर रहा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर तरक्की कर रहा है और विश्व में देश



का नाम हो रहा है। हमारी सरकार किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं की जिंदगी बदलने और उन्हें खुशहाल बनाने का काम कर रही है। निमाड़ क्षेत्र में मां नर्मदा का पानी खेतों तक पहुंचाया जा रहा है और इससे खेतों में फसले लहलहा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों को सम्मान निधि देने की योजना बनाई है।

**दीवाली से लाड़ली बहनों को हर माह मिलेंगे 1500 रुपए...** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार रक्षाबंधन पर लाड़ली बहनों को 250 रुपए की अतिरिक्त राशि देगी और अक्टूबर में दीवाली से लाड़ली बहनों को हर माह 1500 रुपए की राशि नियमित दी जाएगी। इस राशि को बढ़ाकर 3 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया जाएगा। गरीबों और जरूरतमंद की जान बचाने के लिए प्रदेश सरकार ने एयर एम्बुलेंस की सुविधा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि सभी पात्र लोग अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें, जिससे गंभीर बीमारी के समय जान बचाने के लिए उन्हें बड़े शहरों के अच्छे अस्पतालों में उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर विमान या हेलीकॉप्टर से प्रदेश सरकार मरीजों को उपचार के लिए भी भेजती है। उन्होंने कहा कि अभी तक दुर्घटना में सड़कों पर घायलों को अस्पताल पहुंचने में लोग डरते थे अब सरकार ने राह-वीर योजना लागू की है। यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाता है और उसकी जान बचाता है तो उसे 25 हजार रुपए का इनाम प्रदेश सरकार देगी।

### भगवान राम प्रदेश में जिन स्थानों से गुजरे थे उन स्थानों पर बनेंगे राम पथ गमन मार्ग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश के 19 धार्मिक स्थलों पर शराब की बिर्‍ी बंद कर दी है। प्रदेश में खुले में मांस की बिर्‍ी प्रतिबंधित कर दी गई है। नगरीय क्षेत्र में गीता भवन बनाए जाएंगे। भगवान राम प्रदेश में जिन स्थानों से गुजरे थे उन पर राम पथ गमन मार्ग बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100वींग जन्म शताब्दी के अवसर पर ग्वालियर में कैबिनेट की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। संदीपनी स्कूलों में प्राइवेट स्कूलों के तर्ज पर पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव-गांव तक बस सेवा शुरू करने जा रही है इससे ग्रामीण जनता को आवागमन की सुविधा मिलेगी।

## सीहोर में लव-जिहाद, कॉलेज छात्रा से दो भाइयों ने किया दुष्कर्म, धर्म बदलने के लिए बनाया दबाव

विजय मत, ब्यूरो, सीहोर

सीहोर में एक कॉलेज छात्रा से दुष्कर्म और धर्मांतरण के लिए दबाव बनाने का मामला सामने आया है। अहमदपुर थाना अंतर्गत एक युवती के साथ उसके घर के सामने रहने वाले मुस्लिम युवक ने पहले दोस्ती बढ़ाई फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। एक दिन आरोपी के भाई ने देखा तो उसने भी मासूम युवती को शोषण शुरू कर दिया। उन्होंने धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला और मना करने पर परिवार को मारने और फोटो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी। साथ ही मंदिर जाने और पूजा-पाठ करने से मना किया। इतना ही नहीं गांव की मस्जिद के हाफिज ने उसे बरगलाते हुए मुस्लिम धर्म अपनाने को बाध्य किया। मामले की जानकारी विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ताओं को लगी, उनके हस्तक्षेप पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

छात्रा ने पुलिस को बयान में बताया कि मैं सीहोर की रहने वाली हूं। भोपाल के एक कॉलेज में बीए सेकंड इयर की छात्रा हूं। 2022 में घर के सामने रहने वाले जुबैर मंसूरी पिता रफीक मंसूरी ने दोस्ती का झांसा देकर उससे बातचीत शुरू कर दी। कुछ समय बाद उसने युवती को अपने घर आने का दवाब बनाया। युवती ने मना किया तो आरोपी जुबैर ने उसे धमकी दी कि अगर वह उसके घर नहीं आई तो वह दोस्ती के बारे में उसके घर वालों को बता देगा।



### कलमा पढ़वाया और नाम बदलवाया

पीड़िता ने कहा कि 2024 में एक दिन जुबैर ने मुझे अपने घर बुलाया। वहां मस्जिद में रहने वाले हाफिज साहब आरिफ से मिलवाया। उन्होंने कहा कि तुम मंदिर मत जाया करो, पूजा-पाठ मत किया करो, कलमा पढ़ा करो। उन्होंने बहुत बार जबरन कलमा पढ़वाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि हमारे रीति-रिवाज सीख जाएगी तो तेरा निकाह जुबैर से करा देंगे। फिर उन्होंने मेरा नाम जैनब मंसूरी भी रख दिया। छात्रा के मुताबिक कुछ समय बाद जुबैर ने इंस्टाग्राम पर जैनब मंसूरी के नाम से आईडी बनाकर दी। पीड़िता ने कहा कि उसने आईडी बनाकर चलाने के लिए दिया। मेरे साथ हुई घटना को काफी समय हो गया है, इसलिए मुझे तारीख याद नहीं है।

### जिले में खुलेआम लव जिहाद को बढ़ावा दिया जा रहा

इस मामले की भनक विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को लगी तो उन्होंने छात्रा के परिजनों से मिलकर छात्रा को उचित कार्रवाई के लिए समझाया। दोनों भाइयों के शोषण से तंग आई छात्रा ने आखिरकार थाने में आरोपी जुबेर और उसके भाई शोएब के अलावा मस्जिद के हाफिज आरिफ के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### फंदे पर झूली विवाहिता, कारणो की जांच जारी

**भोपाल।** पुराने शहर के टीला जमालपुरा थाना इलाके में बीती रात एक विवाहिता ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। फिलहाल कारणो का खुलासा नहीं हो सका है, पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस के मुताबिक सुविधा बिहार कॉलोनी में रहने वाली सुशीला पति मुन्नालाल आर्य (40) घरेलू महिला थी। उनके एक बेटा और दो बेटियां हैं। बीती रात परिवार के सभी लोग खाना खाने के बाद सो गए थे। सुबह करीब 6 बजे बच्चों की नीदं खुली तो उन्हें मां सुशीला का शरीर फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है की फिलहाल घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट या अन्य ऐसा सुराग नहीं मिला ह, जिससे आत्महत्या का कारण साफ हो सके। आगे की जॉच में परिवार वालो के बयान दर्ज किये जायेगें जिसके बाद ही आत्महत्या की वजह पता चल सकेगी।

### काम करते समय अचानक घबराहट होने के बाद मैनेजर की मौत

**भोपाल।** शहर के गांधी नगर थाना इलाके में एक दुकान पर काम करते समय मैनेजर की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। बताया गया है की काम करते समय वह कुर्सी पर बैठै तभी अचानक घबराहट होने के बाद वे दुकान में ही बेसुध होकर गिर गए थे। उन्हें पहले निजी अस्पताल ले जाया गया। यहां जांच के बाद नाजुक हालत बताकर हमीदिया अस्पताल रैफर कर दिया गया। लेकिन हमीदिया पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई थी। थाना पुलिस के अनुसार लाउखेड़ी में स्थित शिवाजी वार्ड में रहने वाले प्रीतम सिंह राजपूत पिता जगन्नाथ सिंह राजपूत (45) एक पेंट दुकान में मैनेजर की नौकरी करते थे। बीते दिन दुकान पहुंचकर प्रीतम सिंह ने सफाई की और कुर्सी पर बैठ गए। अचानक ही उन्हें घबराहट होने लगी और वह बेसूध हो गए। अन्य लोगो ने उन्हें इलाज के लिये निजी अस्पताल पहुचांगया। यहां जॉच के बाद उन्हें हमीदिया अस्पताल रैफर कर दिया गया, वहॉं इलाज होने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस का अनुमान है की उनकी मौत हार्ट अटैक आने से हुई होगी, हालांकि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही सही कारणो का खुलासा हो सकेगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर दर्ज कर लिया है।

### बदमाशों ने नाबालिग से की अड़ीबाजी

**भोपाल।** गौतम नगर थाना इलाके में स्थित कृष्णा कॉलोनी में रात के समय बदमाशों ने एक किशोरी को रोककर उससे पैसे देने के लिये अडीबाजी की। नाबालिग ने जब रकम देने से इंकार किया तब बदमाशों ने मारपीट कर डाली। बाद में थाने पहुचें किशोर की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा कालोनी में रहने वाला 17 वर्षीय किशोर सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम करता है। मंगलवार रात करीब 10 बजे वह अपने दोस्त को उसके घर छोड़कर बाइक से वापस लौट रहा था। कालोनी के पास ही उसे आरोपी शाहिल, बिलाल सहित उनका एक साथी मिला। तीनो ने पहले तो उसे रोका इसके बाद बिलाल और शाहिल ने उस पर अड़ी डालते हुए कहा की हम लोग अभी जेल से छूटकर बाहर आएं हैं, इसलिए खर्चे के लिए रुपए चाहिए। नाबालिग ने जब पैसै देने से मना करते हुए वहॉं से निकल जाने का प्रयास किया तब तीनों ने उसके साथ मारपीट कर दी। मारपीट के बीच ही एक आरोपी ने किसी नुकीली चीज से उसके सिर पर वार कर दिया जिससे उसके खून निकल आया। किशोर के शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोगों ने मौके पर पहुचंकर बीच-बचाव किया। इसके बाद आरोपी उसे धमकी देते हुए वहां से भाग गये।

### फुटपाथ पर मिले वृद्व की अस्पताल में मौत

**भोपाल।** स्टेशन बजरिया थाना इलाके में फुटपाथ पर मिले एक वृद्व की संदिग्ध हालत में परिस्थितियों में एक वृद्ध की मौत जाने का मामला सामने आया है। उसे फुटपाथ से उठाकर हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मृत्यू से पूर्व वृद्व ने उसने अपना नाम और शहर की जानकारी दी थी। लेकिन, इसके अलावा कोई अन्य जानकारी वह नहीं दे सका। मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजने के साथ ही पुलिस उसके परिवार की जानकारी जुटा रही है। पुलिस के अनुसार थाना इलाके में स्थित चांदबाड क्षेत्र में 16 जून को एक व्यक्ति बीमारी की हालात में मिला था। उसको इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान बीती सुबह करीब चार बजे उसने दम तोड़ दिया। पुलिस को शुरुआती जॉच में लोगों ने बताया की मृतक ने अपना नाम रामलाल उम्र 65 साल बताते हुए रतलाम जिले का निवासी बताया था। लेकिन उसके पास कोई दस्तावेज नहीं थे।

## राज कुशवाहा के घर शिलांग पुलिस के अफसरों ने ली तलाशी, पांच दिन रुकी थी सोनम

विजय मत, ब्यूरो, इंदौर



राजा रघुवंशी हत्याकांड के पांचों आरोपियों का एक तरफ जहां शिलांग में पुलिस रिमांड ले रही है तो दूसरी तरफ शिलांग से अफसरों की एक टीम हत्याकांड से जुड़े सबूत जुटाने के लिए इंदौर में डेरा डाले हुए है। दो दिन से अफसरों ने राजा से लेकर सोनम के परिजनों से बात की। दफ्तर, गोड़ाउन पर भी तलाशी लेने पहुंची। बुधवार रात वह हत्या के मास्टरमाइंड राज कुशवाहा के घर भी पहुंची। नंदबाग में रहने वाले राज के यहां सोनम पांच दिन रुकी थी।

अफसरों ने घर की तलाशी ली और कुछ महत्पवूर्ण सबूत वे अपने साथ ले गए। अपने घर सोनम को रुकवाने के लिए राज ने अपनी दोनो बहन और मां को यूपी के पैतृक गांव रामपुर में भेज दिया था। पांच दिन के बाद सोनम फ्लैट में रहने चली गई थी। रात को राज के घर शिलांग से आए अधिकारी पहुंचे और दोनों बहनों व मां से बात की। मां ने उन्हें कहा कि बेटा राज यह हत्या नहीं कर सकता। उसे सोनम ने उकसाया है। अफसरों ने यह भी पूछा कि राज ने गांव क्यों भेजा था। एक घंटे तक तलाशी और पूछताछ के बाद अफसर लौट गए।

### सदमे में राज की दादी की मौत

रामपुर गांव में रहने वाली राज कुशवाहा की दादी का बुधवार को निधन हो गया। राज की गिरफ्तारी की खबर मिलने के बाद से ही उसकी दादी सदमे में आ गई थी। उन्होंने खाना पीना भी छोड़ दिया था। बुधवार को उनका निधन हो गया, हालांकि इंदौर से भी राज के परिजन नहीं जा पाए।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' 30 तक

**भोपाल।** भारत सरकार आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के लिए दो महत्वपूर्ण और समयबद्ध मिशन चला रही है। प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान। इन पहलों का उद्देश्य देशभर के आदिवासी क्षेत्रों में सेवाओं और अन्य बुनियादी ढांचे को परिपूर्णता प्रदान करना है। इस संबंध में जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 15 जून से 30 जून 2025 तक 'धरती आबा अभियान - जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर' नामक अभियान शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य अंतिम हितग्राहियों तक उनके व्यक्तिगत अधिकारों को परिपूर्ण करना और DAJGUA के बारे मे जागरूकता पैदा करना है।

## रायसेन गोरक्षा मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, 15 लोगों पर मामला दर्ज, मॉब लिंचिंग का है आरोप

विजय मत, ब्यूरो, रायसेन

मप्र के रायसेन में गोरक्षा के नाम पर मॉब लिचिंग का बड़ा मामला सामने आया है। एक वायरल वीडियो में भीड़ की पिटाई में घायल हुए भोपाल के जुनैद कुरैशी की बीते रोज मंगलवार को इलाज के दौरान हमीदिया अस्पताल में मौत हो गई। उसका एक साथी अरमान अभी गंभीर हालत में भर्ती है।

दोनों को बकरा ईद से पहले पांच जून को गो तस्करी के संदेह में भीड़ ने जमकर पीटा था, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में रायसेन जिला अस्पताल से भोपाल रेफर किया गया था। वहां उनका इलाज चल रहा था। सांची थाने की पुलिस ने अब इस मामले में हत्या और मॉब लिचिंग की धाराओं में अज्ञात 15 लोगों पर मामला दर्ज किया है। वायरल वीडियो के आधार पर अभी पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

ऐसा बताया जा रहा है कि मृतक युवक जुनैद भोपाल के जिंसी इलाके में दो साल से दूध डेयरी चलाता था। मृतक परिजनों के मुताबिक 5 जून की रात वह अपने दोस्त अरमान के साथ धनोरा से 6 गाय खरीदकर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में 15 कथित गोरक्षकों ने उन्हें रोका और रातभर दोनों की पिटाई की। जुनैद के भाई जैद ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उसके पैसे भी लूट लिए। दोनों पर गोतस्करी का आरोप लगाकर जमकर पिटाई की गई। फिलहाल पुलिस ने 15 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया है। रायसेन एसडीओपी के अनुसार तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## इंदौर-भोपाल रोड स्टेट हाइवे से चोरी डंपर राजस्थान से बरामद, पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

विजय मत, ब्यूरो, सीहोर

सीहोर के भाजपा विधायक सुदेश राय के इंदौर-भोपाल रोड स्टेट हाइवे पर स्थित पेट्रोल पम्प से करीब तीन सप्ताह पहले रेत का डंपर चोरी हो गया था। चोरी डंपर विधायक सुदेश राय के भांजे राजकुमार जायसवाल का था। सीहोर में 29 मई को चोरी हुए डंपर की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। चोर डंपर चोरी करने के बाद उसे राजस्थान ले गए थे और डंपर को बेच भी दिया था। पुलिस ने 65 लाख के डंपर को बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी अभी भी फरार है।

जानकारी के अनुसार राजकुमार जायसवाल (49) पुत्र महेश जायसवाल निवासी लीसा टॉकीज कैंपस सीहोर ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि डंपर को ड्राइवर राकेश मालवीय 28 मई को दोपहर में क्रीसेंट पेट्रोल पंप पर खड़ा करके आया। 29 मई को सुबह करीब 6 बजे उनका ड्राइवर पेट्रोल पंप पर डंपर को लेने गया तो देखा कि डंपर वहां से गायब है। डंपर तो रात को ही दो बजे के करीब चोरी हो गया। ड्राइवर ने जायसवाल को बताया कि डंपर चोरी हो गया है, वे तत्काल कोतवाली थाने गए और डंपर चोरी की एफआइआर दर्ज कराई।

बताया जा रहा है कि डंपर पचोर और जीरापुर के बीच स्थित एक वेयर हाउस के सीसीटीवी में कैद हुआ था। जीरापुर के रास्ते डंपर को चोर राजस्थान की तरफ ले जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला ने डंपर की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी में मददगार सूचना देने पर दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। इसके बाद पुलिस की टीम ने तकनीकी साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई करते हुए डंपर का पीछा करते हुए उसे राजस्थान के टोंक जिले के देवली से बरामद किया।

जांच में पुलिस ने राधेश्याम कहार पिता सोजी लाल निवासी ग्राम अमर्तिया हिंडोली जिला बूंदी राजस्थान को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि उसने हरियाणा के पुनहाना निवासी जैद खान के साथ मिलकर डंपर चोरी किया था।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व-ड्रोन से हो रही हाथियों की निगरानी

**भोपाल।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के खितौली परिक्षेत्र में 21 जंगली हाथियों का झुंड पहुंच गया है। हाथी पतौर के रास्ते से खितौली आए हैं। वन विभाग ने हाथियों की निगरानी के लिए विशेष व्यवस्था की है। वन विभाग ने तीन गाड़ियों के साथ 50 से अधिक अधिकारी और कर्मचारियों की टीम लगाई है। टीम ड्रोन की मदद से हाथियों की गतिविधियों पर नजर रख रही है। हाथियों का झुंड फिलहाल दर्हा तालाब, वन तलैया और आसपास के जंगलों में विचरण कर रहा है। खितौली परिक्षेत्र अधिकारी स्वस्तिश्री जैन के अनुसार, वन विभाग हाथियों की पहचान के लिए उनकी आईडी भी बना रहा है। टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर पीके वर्मा ने का कहना है कि सभी ग्राउंड कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। यदि कर्मचारियों से पहले ग्रामीणों की ओर से हाथियों के मूवमेंट की सूचना मिली तो जिसकी ड्यूटी होगी, उन पर ठोस कार्रवाई की जाएगी।

## बीमार पिता की दवाइयां लेकर हॉस्पिटल जा रहे युवक की बुलेट की टक्कर से मौत

- दो महीने पहले ही हुई थी शादी, बुलेट सवार युवक भी घायल

विजय मत, भोपाल

शहर के कोहेफिजा थाना इलाके में दो बाइको की टक्कर में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के समय मृतक युवक अस्पताल में भर्ती अपने पिता के लिये इंजेक्शन लेकर जा रहा था। रास्तें में लालघाटी पर उसकी बाइक की दूसरी बुलेट बाइक से टक्कर हो गई। मृतक युवक की दो महीने पहले ही शादी हुई थी। हादसे में बुलेट सवार दो युवक भी घायल हुए है, पुलिस ने मर्ग कायम कर टक्कर मारने वाली बाइक को जप्त कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मालीपुरा पीरगेट का रहने वाला सुरेंद्र रजक (26) पिता कंछेदी रजक एक ज्वैलरी शाप में काम करता था। सुरेंद्र की शादी दो महीने पहले ही हुई थी। उसके पिता कंछेदी रजक की तबीयत खराब होने के चलते परिवार वालो ने उन्हें इलाज के लिये मालीपुरा में स्थित चिरायु अस्पताल में भर्ती कराया था। यहॉं उन्हें हार्ट संबंधी इंजेक्शन की जरूरत थी। अस्पताल स्टॉफ ने सुरेंद्र को बताया कि यह इंजेक्शन अस्पताल में नहीं है। और यह इंजेक्शन भैंसाखेड़ी स्थित चिरायु अस्पताल में मिलेगा। पुलिस ने बताया की बुधवार शाम युवक इंजेक्शन और दवा लेने भैंसाखेड़ी चिरायु गया और दवा लेकर वापस आ रहा था। अस्पताल में भर्ती पिता के पास दवाई जल्दी पहुंचाने की हड़बड़ाहट में सुरेंद्र रांग साइड से लालघाटी ब्रिज चढ़ गया, जहां सामने से आ रही तेज रफ्तार बुलेट ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सुरेंद्र के सिर में गंभीर चोट आई थी। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया गया जहॉं इलाज के दौरान सुरेंद्र की मौत हो गई। पुलिस ने बताया की एक्सीडेंट में बुलेट सवार दो युवक भी घायल हुए हैं। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनो को सौपंते हुए हादसे के कारणो की जॉच शुरु कर दी है।

**खास-खबर** महापौर मालती राय ने वर्षा पूर्व नाला सफाई अभियान की समीक्षा करते हुए दिए निर्देश

## वर्षा ऋतु में जल ठहराव की स्थिति से निपटने हेतु आवश्यक संसाधनों सहित अमले को तैयार रखे

विजय मत, भोपाल

महापौर श्रीमती मालती राय ने वर्षा पूर्व नाला सफाई अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि शहर के सभी छोटे-बड़े नालों एवं नालियों की वर्षा के दौरान सतत् रूप से निगरानी करें और कहीं भी यदि जल निकासी बाधित होती है या जल ठहराव की स्थिति निर्मित न होने देने के दृष्टिगत जोन स्तर पर आवश्यक संसाधनों सहित अमले को तैयार रखा जाए। महापौर श्रीमती राय ने निर्देशित किया कि जिन नालों में थोड़ा सा भी सफाई कार्य शेष है उसे शीघ्रता से पूर्ण किया जाए और यह भी सुनिश्चित करें कि नाला-नालियों का बहाव कहीं भी बाधित न हो। समीक्षा बैठक में महापौर परिषद के सदस्य आर.के.सिंह बघेल, प्रभारी कार्यपालन यंत्री प्रमोद मालवीय सहित प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी आदि मौजूद थे।



महापौर श्रीमती मालती राय ने गुरूवार को आई.एस.बी.टी स्थित महापौर कार्यालय के सभाकक्ष में वर्षा पूर्व नाला सफाई अभियान की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान महापौर श्रीमती राय ने नाला-नालियों की साफ-सफाई की अद्यतन स्थिति एवं वर्षा के दौरान पानी की निकासी निर्बाध रूप से सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे कार्यों संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। महापौर श्रीमती राय ने निर्देशित किया कि जिन नालों का थोडा सा भी सफाई कार्य शेष है उसे तत्काल पूर्ण कराएं और सभी नालों का पुर्नअवलोकन करें और नालों में जहां सफाई की आवश्यकता लगती है वहां की सफाई भी शीघ्रता से कराएं और कहीं भी जल का बहाव बाधित न होने दें। महापौर श्रीमती राय ने निर्देशित किया कि वर्षा के दौरान सभी नाला-नालियों पर सतत् रूप से निगरानी रखे और जल की निकासी सुचारू रूप से सुनिश्चित कराने तथा जल ठहराव की स्थिति निर्मित न होने देने के दृष्टिगत जोन स्तर पर नाला सफाई संबंधी संसाधनों सहित अमले को तैयार रखने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राय ने फावडे, सब्बल, गेती व अन्य आवश्यक उपकरण अतिरिक्त संख्या में प्रत्येक जोन में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## वार्ड कार्यालयों में लगेंगे आयुष्मान कार्ड बनाने के विशेष शिविर

- प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को लगेंगे शिविर

विजय मत, भोपाल

आयुष्मान कार्ड बनने से शेष रह गए पात्र हितग्राहियों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के उद्देश्य से आपके द्वारा निरामयम 2.0 अभियान 15 जुलाई तक संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत आयुष्मान योजना अंतर्गत प्रमुख पात्रता श्रेणी जैसे 70 साल या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों,भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत आयुष्मान कार्ड के शेष पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं ।

भोपाल जिले में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर निगम के सहयोग से वार्ड कार्यालयों में शिविर लगाए जा रहे हैं। जून माह की 23, 26 एवं 30 तारीख को शहर के सभी वार्ड कार्यालयों में एक साथ शिविर लगाकर कार्ड बनाए जाएंगे। अभियान के तहत 14 जुलाई तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को शिविर आयोजित होंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ.मनीष शर्मा ने बताया कि आमजन की सुविधा को ध्यान में रखकर घर के नजदीक ही वार्ड कार्यालयों में आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं । शिविर आयोजन में नगर निगम द्वारा विशेष रूप से सहयोग दिया जा रहा है।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# और कितने हादसों का इंतजार

चारधाम यात्राएं अंतिम यात्रा बनती जा रही हैं द्यऔर कितने हादसों का इंतज़ार, यह दर्दनाक हादसे कब रुकेंगे, मौत का मंजर थमता नजर नहीं आ रहा है प्रतिदिन देश में विमान हादसे होते जा रहे हैं द्य विमान मौत का ताबूत बनते जा रहे हैं द्य देश में हवाई यात्राएं असुरक्षित होती जा रही हैं हवाई यात्राओं को सुरक्षित बनाना होगा द्य बढ़ते हेलीकाप्टर हादसों से लोग खौफजदा हैं द्य एक बार फिर लाशों के ढेर लग गए केदारनाथ में रविवार को श्रद्धांलुओं का हेलीकाप्टर क्रैश हो गया जिसमें 7लोग मारे गए मरने वालों में एक 23माह का अबोध बच्चा भी हादसे में मारा गया द्य खुशी खुशी पर जा रहे लोगों ने सपने मै भी नहीं सोचा होगा की यह चारधाम यात्रा अंतिम यात्रा बन जाएगी द्य हेलीकाप्टर क्रैश के लगातार हो रहे हादसों पर संज्ञान लेना चाहिए और लापरवाही बरतने वालों पर शिकंजा कसना चाहिए जो लोगों को मौत बाँट रहे हैं द्य परिवार के परिवार खत्म हो रहे हैं पिछ्ले काफ़ी समय से यह हादसे बदस्तूर जारी हैं दर्जनों हादसे हो चुके हैं द्य निजी कम्पनीयां मुनाफा कमाने के चक्कर में यात्रियों को मौत के मुँह में धकेल रही है द्य बढ़ते हादसों को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे द्य हेलीकाप्टर के बढ़ते हादसों से असमय ही बेमौत मारे जा रहे हैं द्य इस घटना ने सवाल खड़े कर दिये हैं कि बार-बार हो रहे इन हादसों के कारण क्या है इस घटना ने यह प्रमाणित कर दिया है कि बीती घटनाओं से न तो सरकार ने सबक सिखा और न ही लोगों ने सीखा। पिछ्ले कई सालों से ऐसे दर्दनाक हादसे हो रहे हैं सरकारें ऐसी घटनाओ के बाद मुआवजों की घोषणा करने तथा जांच के आदेश देने में देरी नहीं करती। देश में प्रतिदिन ऐसे मर्मातंक हादसे होते है मगर सुधार नहीं होता । ।इन हादसों में सैंकड़ों बच्चे अनाथ हो गए और कई मां-बहनों का सिदूर मिट गया और बहनों के भाई मारे गए।केन्द्र सरकार को इन हादसों के संदर्भ में छानबीन करवानी चाहिए तथा दोषियों को सजा देनी होगी।

**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# इजरायल-ईरान युद्ध में परमाणु हथियारों की चर्चा पर दुनिया सहमीं

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर वर्तमान समय में दो दो देशों में बहुत लंबे समय से चल रहे युद्ध के पीछे चल रही ताकतों को सब जानते हैं, क्योंकि कोई भी देश के लिए सिर्फ अपने अकेले के बल पर इतनी ताकत से लंबी लड़ाई लड़ना संभव नहीं है, हालांकि सब जानते हैं कि इन युद्धों के पीछे कौन सी ताकत है खड़ी है? मेरा मानना है कि इन ताकतों को अपने स्टेटस को छोड़कर, दो-दो कदम आगे पीछे होकर मामला उलझा कर युद्ध विराम को प्राथमिकता देना जरूरी है,वरना किसी भी देश ने परमाणु वेपंस के इस्तेमाल की शुरुआत की तो लपेटेमें पूरी दुनियाँ आ जाएगी, जिसका परिणाम हिरोशिमा नागासाकी से भी भयंकर आने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।इसलिए मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र से इस आर्टिकल के माध्यम से पर्दे के पीछे सभी देशों, गुटों से अनुरोध करना चाहूंगा कि वह अंध समर्थन बंद कर सुलह का रास्ता निकालकर इजरायल- ईरान- हमास, रूस-यूक्रेन सहित अनेकों देशों में आपसी टकराव को सुलझाने के लिए आगे आए ताकि पूरी दुनियाँ एक जंग का अखाड़ा ना बन सके, क्योंकि कुछ देश खुलकर समर्थन में आ रहे हैं तो कुछ देशों ने पर्दे के पीछे समर्थन देकर लड़ाई करने वाले देशों को बढ़ावा दे रहे हैं, मेरा मानना है इसे बंद कर शांति की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। हमारे पीएम साहब भी हमेशा यही अपील करते रहते हैं। परमाणु वेपंस का उपयोग हुआ तो मेरे विचार से पूरी दुनियाँ दहल जाएगी। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, इजरायल ईरान सैन्य टकराव खतरनाक मोड़ पर पहुंच?दुनियाँ दो गुटों में बंटने की ओर बढ़ी, तीसरे विश्व युद्ध की आहट? इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष हर बीतते घंटे के साथ और बढ़ता जा रहा है,सोमवार देर शाम को इजरायल ने एक बार फिर मध्य ईरान पर हवाई हमले किए, इधर ईरान ने भी इजरायल पर अब तक लगभग 400 बैलेस्टिक मिसाइलें दागने का दावा किया है, वहीं एक न्यूज से इजरायल के पीएम ने कहा है कि खामेनेई के खात्मे के साथ ही क्षेत्र में शांति आएगी। इजराइल और ईरान के बीच लगातार चौथे दिन संघर्ष जारी है। इजराइल ने सोमवार शाम सेंट्रल ईरान पर फिर से एयरस्ट्राइक की। इजराइल एयरफोर्स ने ईरानी की राजधानी तेहरान में नेशनल टीवी न्यूज चैनल इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग की बिल्डिंग पर बम गिराए।घटना के समय टीवी एंकर लाइव शो होस्ट कर रही थी। वह बम धमाके में बाल-बाल बच गई। घटना का वीडियो भी सामने आया, जिसमें एंकर को स्टूडियो से भागते हुए देखा गया। साथियों बात अगर हम इजरायल -ईरान के भयावह होते युद्ध को हम 10 प्वाइंटों में समझने की करें तो (1) इजरायल और ईरान के बीच तनाव चरम पर है और दोनों देशों के बीच युद्ध जारी है,इजरायल ने ईरान पर बड़ा हमला किया, जिसमें ईरान के परमाणु ठिकानों और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया. ईरान ने इजरायल के हमले का जवाब देने के लिए ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस लॉन्च किया है, इसके तहत ईरान ने इजरायल पर 100 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, इजरायल की सेना ने अपने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे सुरक्षित स्थानों पर शरण लें, (2) वहीं, रविवार को एक बार फिर इजरायल के आसमान में ईरानी मिसाइलों की बौछार हुई, जबकि दोनों देशों के बीच संघर्ष जारी है, इजरायल की सेना ने कहा कि ईरान की मिसाइलें आ रही हैं, यरुशलम में सायरन की आवाजें सुनाई दे रही हैं, जबकि कई वीडियो में तेल अवीव और यरुशलम के आसमान पर मिसाइलें दिखाई दे रही हैं और उनमें से कई को इजरायल की वायु रक्षा प्रणाली द्वारा रोक दिया गया है,(3) ईरान ने शिराज शहर से इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलों की बारिश कर दी है, जिससे उत्तर में हाइफ़ा से लेकर दक्षिण में ईलाट तक लगभग पूरे इज़राजल में रेड अलर्ट जारी किया गया. तेल अवीव, यरुशलम, बेयर शेवा, हाइफ़ा और दर्जनों अन्य शहरों में हवाई हमले के सायरन की आवाज सुनी गईं, (4) सेना ने कहा है कि ईरानी मिसाइलों की बौछार से इजरायल में कई जगहों पर हमला हुआ है. आरटी इंटरनेशनल की एक पोस्ट के अनुसार, ईरान के हमलों के बाद हाइफा शहर में भीषण आग देखी गई,इसने अनाम इजरायली अधिकारियों के हवाले से बताया कि अब तक इस हमले में चार लोग घायल हुए हैं, (5) ईरान में भी नज़ारा कुछ अलग नहीं है. तेहरान से आई तस्वीरों में रात के समय आसमान में ईंधन डिपो में लगी आग की लपटें दिखाई दे रही हैं। यह आग इजरायल द्वारा ईरान के तेल और गैस क्षेत्र पर हमले शुरू करने के बाद लगी है, इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था और ईरानी राज्य के कामकाज पर खतरा बढ़ गया है। (6) ईरान ने शनिवार की देर रात तेल अवीव द्वारा ईरानी परमाणु संयंत्रों, मिसाइल कारखानों और सैन्य कमांड केंद्रों पर किए गए हमले के जवाब में इजरायल के हाइफा पोर्ट और पास की एक तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया, हवाई हमलों में शीर्ष सैन्य कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। (7) हाइफा शहर के स्काईलाइन पर मिसाइलें नजर आईं, जिससे वहां के लोग दहशत में थे, ईरान लगातार बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन से हमला करता रहा और इजरायल का एयर डिफेंस सिस्टम आयरन डोम इन मिसाइलों को हवा में ही इंटरसेप्ट करने में जुट गया,(8) पोर्ट पर रासायनिक टर्मिनल में छर्रे गिरे और कुछ अन्य मिसाइल तेल रिफाइनरी पर गिरे, लेकिन पोर्ट की सुविधाओं को कोई नुकसान नहीं हुआ, बताया जाता है कि रिफाइनरी पोर्ट से कुछ दूरी पर है, हाइफा पोर्ट उत्तरी इजरायल में स्थित एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय पोर्ट है, जो दक्षिण की तुलना में अपेक्षाकृत कम अस्थिर क्षेत्र है. यह देश के आयात और निर्यात दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण पोर्ट है, (9) ईरान द्वारा लगातार दूसरी रात इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइल दागे जाने के बाद तनाव में वृद्धि हुई है. ईरानी सरकारी मीडिया ने दावा किया है कि हाइफा तेल रिफाइनरी पर सीधा हमला हुआ है, जिससे उत्तरी पोर्ट शहर के पास भीषण आग लग गई, मिसाइल हमला हाइफा के पास तमरा में एक आवासीय इमारत पर हुआ, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम 14 अन्य घायल हो गए,(10) इजरायल और ईरान ने रविवार रात को एक-दूसरे पर फिर से हमले किए, जिसमें कई लोग मारे गए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि संघर्ष को आसानी से समाप्त किया जा सकता है।



> साथियों बात अगर हम इजरायल ईरान युद्ध की करें तो दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच चुकाहै,इजरायल और ईरान के बीच 13-14 जून 2025 को शुरू हुआ सैन्य टकराव अब खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुका है, इजरायल की ओर से तेहरान में परमाणु सुविधाओं और सैन्य ठिकानों पर किए गए हवाई हमलों ने ईरान को भारी नुकसान पहुंचाया,जबकि ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इजरायल के तेल अवीव, हाइफा और बेन गुरियन एयरपोर्ट पर बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन हमले किए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

# बौद्ध धर्म को मानने वाले तिब्बत का दर्द

**संजय गोस्वामी**

तिब्बत हमेशा अपनी आजादी के लिए लगभग 70सालों से चीन के चंगुल से अपने आप को छुड़ाने की गुहार विश्व पटल पर लगा रहा हैदुनिया में आज कोई ऐसा देश खोजना मुश्किल है, जिस पर इतिहास के किसी दौर में किसी विदेशी ताक़त का प्रभाव या अधिपत्य न रहा हो। तिब्बत के मामले में विदेशी प्रभाव या दखलंदाज़ी तुलनात्मक रूप से बहुत ही सीमित समय के लिए रही थी इस शोध पत्र में उनके स्वायित्व व चीन के अमानवीय व्यवहार जो भगवान बुद्ध के शांति के मार्ग पर चलने के लिए तिब्बत शरणार्थी शिविरों जो भारत में अपने देश की आजादी के लिए संघर्षरत है उस पर विश्व पटल पर मानवाधिकार हनन के लिए बहुत ही मुश्किल लेकिन उनकी आजादी की मांग करें क्योंकि इससे मानवता की रक्षा होती है। परिणाम स्वरूप 19 वीं शताब्दी तक तिब्बत ने अपनी स्वतंत्र सत्ता स्थिर रखी यद्यपि इसी बीच लद्दाख़ पर कश्मीर के शासक ने तथा सिक्किम पर अंग्रेंजों ने आधिपत्य जमा लिया। अंग्रेंजों ने अपनी व्यापारिक चौकियों की स्थापना के लिये कई असफल प्रयत्न किया। इतिहास के मुताबिक तिब्बत को दक्षिण में नेपाल से भी कई बार युद्ध करना पड़ा और नेपाल ने इसको हराया। नेपाल और तिब्बत की सन्धि के मुताबिक तिब्बत को हर साल नेपाल को 5000 नेपाली रुपये हरज़ाना भरना पड़ा। इससे आजित होकर नेपाल से युद्ध करने के लिये चीन से मदद माँगी चीन के मदद से उसने नेपाल से छुटकारा तो पा लिया लेकिन इसके बाद 1906-07 ई0 में तिब्बत पर चीन ने अपना अधिकार कर लिया और याटुंग ग्याड्से एवं गरटोक में अपनी चौकियाँ स्थापित की। 1912 ई0 में चीन से मांछु शासन अंत होने के साथ तिब्बत ने अपने को पुन~ स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया। सन् 1913-14 में चीन, भारत एवं तिब्बत के प्रतिनिधियों की बैठक शिमला में हुई जिसमें इस विशाल पठारी राज्य को भी भागों में विभाजित कर दिया गया~ 23 मई, 1951 को तिब्बत ने चीन के इस विवादित समझौते पर साइन किए थे। 13वीं शातब्दी में तिब्बत, मंगोल साम्राज्य का हिस्सा था और जीत के बाद से इसे हमेशा स्वायत्तता हासिल रही। इस सरकार की विस्तारवादी नीतियों के चलते 1950 में चीन ने हजारों सैनिकों के साथ तिब्बत पर हमला कर दिया। करीब 8 महीनों तक तिब्बत पर चीन का कब्जा चलता रहा। आखिरकार तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने 17 बिंदुओं वाले एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के बाद तिब्बत आधिकारिक तौर पर चीन का हिस्सा बन मुख्यतः बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगों के तिब्बत सुदूर इलाके को संसार की छत के नाम से भी जाना जाता है। चीन में तिब्बत का दर्जा एक स्वायत्तशासी क्षेत्र के तौर पर है।चीन का कहना है कि इस इलाके पर सदियों से उसकी संप्रभुता रही है जबकि बहुत से तिब्बती लोग अपनी वफादारी अपने निर्वासित आध्यात्मिक नेता दलाई लामा के प्रति रखते हैं।दलाई लामा को उनके अनुयायी एक जीवित ईश्वर के तौर पर देखते हैं तो चीन उन्हें एक अलगाववादी ख़तरा मानता है।तिब्बत का इतिहास बेहद उथल-पुथल भरा रहा है। कभी वो एक खुदमुख़्तार इलाके के तौर पर रहा तो कभी मंगोलिया और चीन के ताक़तवर राजवंशों ने उस पर हुकूमत की। लेकिन साल 1950 में चीन ने इस इलाके पर अपना झंडा लहराने के लिए हज़ारों की संख्या में सैनिक भेज दिए। तिब्बत के कुछ इलाकों को स्वायत्तशासी क्षेत्र में बदल दिया गया और बाक़ी इलाकों को इससे लगने वाले चीनी प्रांतों में मिला दिया गया।लेकिन साल 1959 में चीन के ख़िलाफ़ हुए एक नाकाम विद्रोह के बाद 14वें दलाई लामा को तिब्बत छोड़कर भारत में शरण लेनी पड़ी जहां उन्होंने निर्वासित सरकार का गठन किया। साठ और सत्तर के दशक में चीन की सांस्कृतिक क्रांति के दौरान तिब्बत के ज़्यादातर बौद्ध विहारों को नष्ट कर दिया गया। माना जाता है कि दमन और सैनिक शासन के दौरान हज़ारों तिब्बतियों की जाने गई थीं।चीन और तिब्बत के बीच विवाद, तिब्बत की क़ानूनी स्थिति को लेकर है। चीन कहता है कि तिब्बत तेरहवीं शताब्दी के मध्य से चीन का हिस्सा रहा है लेकिन तिब्बतियों का कहना है कि तिब्बत कई शताब्दियों तक एक स्वतन्त्र राज्य था और चीन का उसपर निरंतर अधिकार नहीं रहा। मंगोल राजा कुबलई ख़ान ने युआन राजवंश की स्थापना की थी और तिब्बत ही नहीं बल्कि चीन, वियतनाम और कोरिया तक अपने राज्य का विस्तार किया था।फिर सत्रहवीं शताब्दी में चीन के चिंग राजवंश के तिब्बत के साथ संबंध बने। 260 साल के रिश्तों के बाद चिंग सेना ने तिब्बत पर अधिकार कर लिया। लेकिन तीन साल के भीतर ही उसे तिब्बतियों ने खदेड़ दिया और 1912 में तेरहवें दलाई लामा ने तिब्बत की स्वतन्त्रता की घोषणा की। फिर 1951 में चीनी सेना ने एक बार फिर तिब्बत पर नियन्त्रण कर लिया और तिब्बत के एक शिष्टमंडल से एक संधि पर हस्ताक्षर करा लिए जिसके अधीन तिब्बत की प्रभुसत्ता चीन को सौंप दी गई। दलाई लामा भारत भाग आए और तभी से वे तिब्बत की स्वायत्तता के लिए संघर्ष कर रहे हैं।जब 1949 में चीन ने तिब्बत पर क़ब्ज़ा किया तो उसे बाहरी दुनिया से बिल्कुल काट दिया।तिब्बत में चीनी सेना तैनात कर दी गई, राजनीतिक शासन में दख़ल किया गया जिसकी वजह से तिब्बत के नेता दलाई लामा को भाग कर भारत में शरण लेनी पड़ी।फिर तिब्बत का चीनीकरण शुरू हुआ और तिब्बत की भाषा, संस्कृति, धर्म और परम्परा सबको निशाना बनाया गया।किसी बाहरी व्यक्ति को तिब्बत और उसकी राजधानी ल्हासा जाने की अनुमति नहीं थी, इसीलिये उसे प्रतिबन्धित शहर कहा जाता है। विदेशी लोगों के तिब्बत आने पर ये पाबंदी 1963 में लगाई गई थी। हालांकि 1971 में तिब्बत के दरवाज़े विदेशी लोगों के लिए खोल दिए गए थे।चीन और दलाई लामा का इतिहास ही चीन और तिब्बत का इतिहास है।



विश्व शरणार्थी दिवस पर विशेष

> हिमालय के उत्तर में स्थित तिब्बत 12 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ और अशांति से भरा एक कटा हुआ इलाका है। इसका इतिहास कई तरह के झटकों और परेशानियों से भरा हुआ है। 1013 ई0 में नेपाल से धर्मपाल तथा अन्य बौद्ध विद्वान् तिब्बत गए। 1042 ई0 में दीपंकर श्रीज्ञान अतिशा तिब्बत पहुँचे और बौद्ध धर्म का प्रचार किया। शाक्यवंशियों का शासनकाल 1207 ई0 में प्रारंभ हुआ। मंगोलों का अंत 1720 ई0 में चीन के माँछु प्रशासन द्वारा हुआ। तत्कालीन साम्राज्यवादी अंग्रेंजों ने, जो दक्षिण पूर्व एशिया में अपना प्रभुत्व स्थापित करने में सफलता प्राप्त करते जा रहे थे, यहाँ भी अपनी सत्ता स्थापित करनी चाही, पर 1788-1792 ई0 के गुरखों के युद्ध के कारण उनके पैर यहाँ नहीं जम सके।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार


# सम्मान और अधिकार को तरसते शरणार्थी

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर हर वर्ष विश्व शरणार्थी दिवस 20 जून को मनाया जाता है जिसकी प्रतिवर्ष एक थीम होती है,जो 20 जून 2025 की थीम मान्यता के माध्यम से एकजुटता है।असल में,दुनिया भर में एक बड़ी संख्या में शरणार्थी रहते हैं। इनके साथ आए दिन प्रताड़ना, संघर्ष और हिंसा जैसी कई चुनौतियों के कारण इनको अपना देश छोड़कर बाहर भागने को मजबूर होना पड़ता है। जिसके बाद इन सभी को कई देशों में पनाह मिल जाती है। वहीं, कई देशों से इनको निकाल भी दिया जाता है। बेशक इन्हें पनाह मिल जाए, लेकिन वो सम्मान और अधिकार नहीं मिल पाते।शरणार्थी के साहस, शक्ति और संकल्प के प्रति सम्मान व्यक्त करना है। इसके साथ ही इस दिन को मनाये जाने का एक अन्य उद्देश्य शरणार्थियों की बुरी दुर्दशा की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना और उनकी समस्याओं का हल करना है,संयुक्त राष्ट्र 1951 शरणार्थी सम्मेलन और इसके प्रोटोकाल 1967, हालांकि भारत अमेरिका ने इसपर हस्ताक्षर नहीं किए हैं,परंतु इसके अनुसार शरणार्थी सम्मेलन और इसका 1967 प्रोटोकॉल अत्यंत महत्वपूर्ण है शरणार्थी दुनियाँ के सबसे कमजोर लोगों में से हैं। यह सम्मेलन और प्रोटोकॉल उनकी सुरक्षा में मदद करता है। वे एकमात्र वैश्विक कानूनी साधन हैं जो स्पष्ट रूप से एक शरणार्थी के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं को कवर करते हैं। उनके प्रावधानों के अनुसार, शरणार्थी, कम से कम, किसी दिए गए देश में अन्य विदेशी नागरिकों के साथ व्यवहार के समान मानकों के पात्र हैं और, कई मामलों में,नागरिकों के समान व्यवहार।1951 के कन्वेंशन में कई अधिकार शामिल हैं और यह अपने मेजबान देश के प्रति शरणार्थियों के दायित्वों पर भी प्रकाश डालता है। 1951 के कन्वेंशन की आधारशिला गैर-रिफाउलमेंट का सिद्धांत है। इस सिद्धांत के अनुसार, एक शरणार्थी को उस देश में नहीं लौटाया जाना चाहिए जहां उसे अपने जीवन या स्वतंत्रता के लिए गंभीर खतरा है। शरणार्थियों द्वारा इस सुरक्षा का दावा नहीं किया जा सकता है,जिन्हें देश की सुरक्षा के लिए उचित रूप से खतरा माना जाता है, या विशेष रूप से गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है,उन्हें समुदाय के लिए खतरा माना जाता है। परंतु मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भाववाणी गोंदिया महाराष्ट्र, यह मानता हूं कि अभी 1951 सम्मेलन तथा 1967 के प्रोटोकॉल को संशोधन करने की जरूरत आन पड़ी है? क्योंकि वर्तमान समय में हम अमेरिका- भारत-पाकिस्तान सहित अनेकों देशों में हो रहे गंभीर दंगों व आवर्ज़न विवादों के कारण माहौल दंगों में बदलने की संभावना हो गई है?

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8403



**बाएँ से दाएँ**

1. ओस की बूंदे (उर्दू-4)
3. आसमान, गगन-3
5. निम्न, जो स्तरीय न हो-4
8. रात्रि, निशा-2
10. सिलना, छाती
11. नश, नाड़ी-2
13. एक समाज सुधारक जिनके दोहे काफी प्रसिद्ध हैं-2
15. इसे आंखों में लगाते हैं-3
16. प्रभाव-3
17. समीप, पास, नजदीक-3
19. भगवान, खुदा-2
20. जानवर इसे खाते हैं-2
21. होठ, अधर-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. प्रकार-3
26. बेबस, लाचार-4

**ऊपर से नीचे**

1. चिंगारी, अंगारा-3
2. मस्ती में चूर-2
3. इज्जत, साख-2
4. तलवार (उर्दू-4)
6. रसदार, रस से भरा-3
7. मेहंदी, ऋषि कपूर की फिल्म-2
9. सब्जी, भाजी-4
13. कमी-3
14. अकबर के एक हिंदू सलाहकार-4
17. अचरज भरा कार्य-4
18. वायुसेना के एक विमान का नाम-3
20. चाहत, प्रेम-2
22. ऋतुराज, मौज-मस्ती-3
23. रास्ता, डगर-2
24. एक पेड़ जिसकी टहनी से दातुन करते हैं-3

**शब्द पहेली -8402 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ब | र | ग | द | | स | | |
| | द | | म | | कि | फ़ा | य | त |
| अ | ना | प | | कि | रा | या | | ह |
| | म | र | ना | | ये | | रा | जी |
| प्र | | स | म | झ | दा | र | | ब |
| त्या | ग | | क | | र | स | ना | |
| रो | | ज | मा | त | | म | म | ता |
| प | न | प | ना | | चो | | ची | |
| | | ना | | अ | र | मा | न | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**20 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | मिथुन | 04.55 बजे से |
| चंद्र | मीन में | कर्क | 07.12 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 09.28 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 11.40 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 13.51 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.05 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.21 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.27 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.13 बजे से |
| | | मीन | 23.46 बजे से |
| | | मेष | 01.16 बजे से |
| | | वृष | 02.56 बजे से |

**राहुकाल** 10.30 से 12.00 बजे तक

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 171 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** नवमी 09.50 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** रेवती 21.45 बजे को समाप्त।
**योग** शोभन 23.47 बजे को समाप्त।
**करण** गर 09.50 बजे तदनन्तर वणिज 20.37 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 23.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 26'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872381
**जूलियन दिन** 2460846.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज
**तारीख** 23

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## यूज इन शॉर्ट

### गौसेवक गौरव मिश्रा आचार्य विद्यासागर जीवदया सम्मान से होंगे सम्मानित

शहडोल। प्रदेश स्तरीय गौशाला सम्मेलन 20 जनू 2025 को भोपाल में आयोजित किया गया है। संभागीय मुख्यालय



शहडोल के अटल कामधेनू संस्था कल्याणपुर के गौसेवक गौरव मिश्रा को आचार्य विद्यासागर जीवदया सम्मान योजनान्तर्गत वर्ष 2022-23 के लिए व्यक्तिगत पुरूस्कार हेतु चयनित किया गया है। गौरव मिश्रा को 20 जून को भोपाल में आयोजित गौशाला सम्मेलन में गौसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया जाएगा। गौरव मिश्रा का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा पशुओ के संरक्षण के लिए बेहतर कार्य कर रही है और गौवंश सेवकों का सम्मान करती है। मै बहुत उत्साहित हूं कि मुझे 20 जून को भोपाल में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय गौशाला सम्मेलन में आचार्य विद्यासागर जीवदया सम्मान से सम्मानित किया जाएगा, इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को तहेदिल से धन्यवाद देता हूं। ज्ञातव्य है कि गौरव मिश्रा एवं उनकी टीम के अन्य सदस्यों द्वारा निराश्रित गौवंशों की सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर रहते है। श्री मिश्रा द्वारा गर्मियों से मौसम में निराश्रित मवेशियों के लिए नाद, पशु पक्षियों के सकोरे, समय-समय पर घायल पशुओं का डॉक्टरों की सहयोग उपचार जैसे अन्य कार्य कड़ी मेहनत, समर्पण और लगन के साथ करते है।

### कलेक्टर ने जल अभाव ग्रस्त घोषित संबंधित आदेश किया निरस्त

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह द्वारा पेयजल परिरक्षण संशोधित अधिनियम 2002 के सेक्सन 4 (ए) तथा-4 (बी) में प्रावधान के अधीन शहडोल जिले को जल अभाव ग्रस्त घोषित किया था जिसे अब निरस्त कर दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि जिले में वर्षा के आगमन को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व में पेयजल परिरक्षण आदेश निरस्त किया जाता है।

### कॉंग्रेस ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



शहडोल । जिला कॉंग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता के नेतृत्व एवं एआईसीसी के पदाधिकारी विवेक बंसल के मुख्य आतिथ्य मे जिला कॉंग्रेस द्वारा, लोकसभा मे नेता प्रतिपक्ष, कॉंग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन केक काट कर व शासकीय चिकित्सालय केशवाही मे मरीजों को फल एवं मिष्ठान वितरित कर मनाया गया। इस दौरान एआईसीसी पदाधिकारी विवेक बंसल व जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता द्वारा कहा गया कि, राहुल गांधी शोषितों, वंचितों, दलितों, आदिवासियों तथा पिछड़ों के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले एक ऐसे नेता हैं जिनकी आज देश को जरूरत है।साथ ही इन्होंने जातिगत जनगणना की मांग को मजबूती देने और सामाजिक न्याय की दिशा में ठोस कदम उठाने के लिए राहुल गांधी का आभार व्यक्त किया। फल वितरण के दौरान केसवाही चिकित्सालय मे भर्ती मरीजों ने बताया कि यहां पर एक भी डॉक्टर पदस्थ नहीं हैं, जिस पर कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि केशवाही चिकित्सालय मे शीघ्र डॉक्टरों को पदस्थ किया जाए वर्ना कांग्रेस द्वारा उग्र प्रदर्शन व घेराव किया जिएगा। साथ ही एआईसीसी से नियुक्त पर्यवेक्षक विवेक बंसल ने संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत केशवाही उप ब्लाक मे समस्त कॉंग्रेसजन से रायशुमारी की। साथ ही एआईसीसी पदाधिकारी विवेक बंसल, जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता व प्रदेश सचिव अजय अवस्थी बकहो मे चल रहे क्रमिक अनशन कार्यक्रम मे सम्मिलित हुए व आन्दोलन कारियों की मांग को जायज ठहराते हुए प्रशासन से शीघ्र मांगे पूरी करने की मांग की।

### धरती आबा जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर सह कार्यशाला संपन्न



शहडोल। भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयन्ती वर्ष के अवसर पर आयोजित जनजातीय गौरव वर्ष के तहत जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनजातियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से दिनांक 15 जून 2025 से 30 जून 2025 तक शहडोल जिले के 402 धरती आबा ग्रामों में जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा स्थानीय महात्मा गांधी स्टेडियम परिसर में आधार पंजीयन के साथ ही जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिविर मे स्वास्थ्य विभाग से डॉ0 रश्मि द्वारा सिकल सेल एनीमिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सिकल सेल की स्क्रीनिंग एवं उपचार के बारे में जागरूक किया गया। शिविर में उपस्थित हितग्राहियों को पी0एम0 जन मन योजनान्तर्गत 9 मंत्रालयों की 11 योजनाओं एवं धरती आबा योजनान्तर्गत 17 मंत्रालयों की 25 योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उनके क्रियान्वयन एवं सेचुरेशन के बारे मे बताया गया।शिविर के दौरान विभिन्न ग्रामों से आये 67 जनजातीय हितग्राहियों के आधार पंजीयन के साथ ही आधार अपडेशन का कार्य किया गया।

# क्षीरसागर मार्ग पर बाघ के मूवमेंट से ग्रामीणों में भय का माहौल

## बाघ को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए

**विजयमत,शहडोल।**

वन परिक्षेत्र के निपानिया से क्षीरसागर मार्ग पर बुधवार शाम को एक बाघ की उपस्थिति ने स्थानीय निवासियों में भय का माहौल पैदा कर दिया। बाघ ललमटिया के पास तार की फैंसिंग के पास घंटों बैठा रहा। एक ग्रामीण ने इसकी जानकारी अन्य लोगों को दी। इसके बाद, बाघ को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। कई लोगों ने इस मंजर को मोबाइल कैमरे में कैद किया जो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।



**वन विभाग के अधिकारियों ने तत्काल भीड़ को हटाया**

एक ग्रामीण ने मामले की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद वन विभाग के अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए भीड़ को हटाने का प्रयास किया। वन विभाग के डिप्टी रेंजर प्रकाश शुक्ला ने बताया कि हमने बाघ की गतिविधियों की सूचना प्राप्त की और एक चार सदस्यीय दल को तुरंत क्षेत्र में गश्त के लिए भेजा गया। हमें सभी नागरिकों को यह सलाह देनी पड़ी कि वे सतर्क रहें और बाघ के नजदीक जाने से बचें। उन्होंने ने कहा इस क्षेत्र में बाघ का मूवमेंट लगातार बना रहता है। हमारी टीम लगातार क्षेत्र में गस्ती करती है।

**सड़क किनारे घण्टों बैठा रहा बाघ**

स्थानीय निवासियों में इस घटना को लेकर चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार के वन्य जीवों की मौजूदगी उनके लिए खतरा उत्पन्न कर सकती है। बाघ घंटों तक सड़क किनारे बैठा रहा और बाद में सड़क पार करके दूसरी ओर जंगल में चला गया। वन विभाग ने बाघ के मूवमेंट की लगातार निगरानी कर रहा है।

इस घटना के बाद वन विभाग ने लोगों को चेतावनी दी है कि यदि वे बाघ को फिर से देखें तो तुरंत उन्हें सूचित करें, ताकि उचित कदम उठाए जा सकें। प्रकाश शुक्ला ने कहा हम सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि वे अपने आसपास के क्षेत्र में ध्यान दें और हमें किसी भी प्रकार की असामान्य गतिविधि की जानकारी दें।

## दो सुने घरो से लाखों की चोरी , जिले में चोरी की वारदातें बढ़ीं

**विजयमत,शहडोल।**

जिले में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गोहपारू और बुढार थाना क्षेत्र में हाल ही में हुई चोरियों ने स्थानीय निवासियों में चिंता की लहर पैदा कर दी है। चोरों ने न सिर्फ लाखों रुपये के जेवरात चुराए, बल्कि नगद राशि भी अपने साथ ले गए हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी है।गोहपारू पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के खनौधी गांव के निवासी गजेंद्र श्रीवास्तव के घर में चोरी की गई है। गजेंद्र ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार के घर शहडोल आए हुए थे और इस दौरान उनके घर को चोरों ने निशाना बना लिया। जब मैं वापस लौटा, तो मेरे घर का ताला टूटा हुआ था। चोरों ने लगभग चार लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नगद राशि चुरा ली।दूसरी चोरी की घटना बुढार थाना क्षेत्र के पकरिया गांव में घटी। पीड़िता प्रेमीया यादव ने बताया कि वह अपनी बहन के घर खाना खाने गई थीं और जब वापस लौटीं तो उनके घर का ताला टूटा हुआ था। महिला ने कहा मेरे घर का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी खुली हुई थी, जिससे स्पष्ट था कि चोरी हुई है। चोरों ने लगभग तीस हजार रुपये नगद और दो लाख रुपये के जेवरात चुरा लिए।

**विजयमत विशेष : स्वस्थ जीवन सुखी जीवन**

# मौसम का बदलाव शुरू होते ही बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी: डॉ. राजेश पाण्डेय

विजय मत सेहत शहडोल



डॉ. राजेश पाण्डेय
वरिष्ठ चिकित्सक

**शहडोल।**

शहडोल । रघुराई स्कूल से हायर सेकेंडरी एवं पंडित शंभूनाथ महाविद्यालय शहडोल से बीएससी की पढ़ाई करने के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस एवं एमएस करने के पश्चात वर्ष 1985 से सर्जिकल विशेषज्ञ के पद पर शहडोल, जयसिंहनगर एवं ब्यौहारी में लगभग 40 वर्षों से चिकित्सकीय सेवा में रहे वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राजेश पांडे ने दैनिक विजयमत से बातचीत करते हुए बताया कि मौसम का बदलाव शुरू होते ही बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। पेट की गड़बड़ी से पीलिया एवं टाइफाइड के रोगी भी अस्पतालों एवं क्लीनिकों में आ रहे हैं ।

**अशुद्ध पेयजल से होती है पेट की बीमारियां**

मूल रूप से मैहर के निवासी डॉक्टर राजेश पांडे ने जिला चिकित्सालय शहडोल में अपनी सरकारी सेवा का ज्यादातर वक्त बिताया है। वर्ष 2017 से 2021 तक आप सीएमओ के पद पर भी रहे हैं। एक प्रश्न के उत्तर में आपका कहना है कि प्रदूषित पानी के सेवन से पेट की बीमारियां होती हैं इसलिए बीमारियों से बचने के लिए शुद्ध पेयजल का उपयोग करना चाहिए।

**कच्चे फल सब्जियों का सेवन न करें**

डॉ राजेश पांडे ने बताया कि बरसात में पानी के संग्रह के आसपास गंदगी से प्रदूषण हो जाता है । कीचड़ गीला फैलाव घरों तालाबों तक हो जाता है। जल में प्रदूषण सबसे ज्यादा मानव एवं पशुओं के मल से होता है जो जलाशय में चला जाता है और इन्ही जलासयों से फलों एवं सब्जियों की फसल तैयार होती है इन फलों सब्जियों में जीवाणु एवं बीजाणु प्रवेश कर जाते हैं और हमारे रसोई में पहुंच जाते हैं जिनसे बीमारियां होती हैं। इसलिए बिना उबाले या बिना पकाए सब्जियों या फलों का सेवन नहीं करना चाहिए। प्रदूषित कच्चे फल मूली ,गाजर, धनिया पत्ती मनुष्य के पेट में पहुंचकर विभिन्न प्रकार की बीमारियां पैदा करते हैं इसे डायरिया अमीबयासिस, जीआरडीयेसिस एवं हाइड्रेटेड सिस्ट आदि घातक बीमारियां प्रदूषित पानी से होती हैं । अधपका मांस से भी कई तरह की बीमारियां होती है।

**नम व गर्म मौसम में बैक्टीरिया, फंगस का प्रकोप**

एक सवाल के जवाब में वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर राजेश पांडे ने कहा कि नम व गर्म मौसम में बैक्टीरिया एवं फंगस तीव्र गति से पनपते हैं और खाद्य पदार्थों को अपनी चपेट में ले लेते हैं इसलिए इस मौसम में विशेष सावधानी बरतकर हम बीमारियों से बच सकते हैं ।

**नियमित व्यायाम करें और पैदल चलें**

बातचीत के अंत में डॉक्टर पांडे ने कहा कि नियमित व्यायाम और पैदल सुबह शाम चलने से अथवा शारीरिक श्रम करने से हम स्वस्थ जीवन जी सकते हैं बच्चों एवं युवाओं को विभिन्न प्रकार के खेल शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य प्रदान करते हैं। योग ध्यान प्राणायाम एवं व्यायाम को नियमित रूप से अपने जीवन में उतारकर हर उम्र के लोग सुखी एवं स्वस्थ्य रह सकते हैं।

# भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा 27 जून को मोहन राम मंदिर शहडोल से निकाली जायेगी

**विजयमत,शहडोल।**

भगवान जगन्नाथ जी स्वामी रथ यात्रा आयोजन समिति के माध्यम से शहडोल नगर में विगत 100 वर्षों से शहर के नागरिकों द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ जी स्वामी रथ यात्रा निकाले जाने की परंपरा प्रारंभ हुई थी। जो आज भी निरंतर जारी है । नगर के गणमान्य नागरिकों ने बिगत दिवस बैठक का आयोजन कर यह सुनिश्चित किया की 27 जून को दोपहर 2.00 बजे पुष्प नक्षत्र महायोग जैसे अति विशिष्ट शुभ मुहूर्त पर भगवान श्री जगन्नाथ जी स्वामी की भव्य रथ यात्रा मोहन राम मन्दिर शहडोल से प्रारंभ होगी।



यात्रा मार्ग मोहन राम मंदिर शहडोल से गणेश मंदिर बुढार चौक से वापस होते हुए गुरु नानक चौक घरौला मोहल्ला कमिश्नर बांग्ला नर्मदा गैस एजेंसी जय स्तंभ से वापस मुख्य मार्ग चौपाटी गंज रोड सब्जी मंडी होते हुए न्यू गांधी चौक पुराना गांधी चौक शिवम होटल से जामा मस्जिद होते हुए पुराना गांधी चौक से भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा पंचायती मंदिर पहुंचेगी । यहां पर दो दिवस भगवान विश्राम करेंगे 29 जून 2025 को शाम 5ः00 बजे भगवान जगन्नाथ पंचायती मंदिर से मोहन राम मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे।

एडवोकेट चंद्रेश द्विवेदी ने बताया की शहडोल नगर की सुख शांति वैभव के लिए भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है । नगर वासी भगवान जगन्नाथ जी के रथ यात्रा का पूरे साल भर बेसब्री से इंतजार करते हैं रथ यात्रा निकलते समय घर-घर पर दीप जला कर भगवान जगन्नाथ जी की पूजा आराधना नगर वासियों द्वारा उत्साह के साथ की जाती है।

आयोजन समिति अध्यक्ष गिरधर प्रताप सिंह, संयोजक- प्रियम त्रिपाठी, व पदम खेमका द्वारा यात्रा मार्ग, को दुरुस्थ करने, यात्रा मार्ग मे बिजली के तार ऊपर उठाये जाने, संबंधी सूचना पत्र प्रेषित कर जल्द से जल्द यात्रा मार्ग को रथ यात्रा सुविधाजनक बनाये जाने हेतु जिला प्रशासन से आग्रह किया है।

## बकहो नगर परिषद में भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस का अनशन चौथे दिन भी जारी

**विजयमत,शहडोल।**

नगर परिषद बकहो में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने एक व्यापक अनशन का आयोजन किया है। कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष राजीव शर्मा और नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने इस अनशन में भाग लिया, जिसमें नगर परिषद की कार्यप्रणाली के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त की गई।

कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस अनशन का उद्देश्य उन घोटालों की जांच कराना है, जो लाइट सड़क निर्माण और नल जल योजना के तहत हुए हैं। शर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह भ्रष्टाचार सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि सिस्टम की विफलता को दर्शाता है। हम मांग करते हैं कि इस मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

अनशन की शुरुआत के चार दिन बाद भी जिला प्रशासन और नगर परिषद के जिम्मेदारों की ओर से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिलने के कारण कार्यकर्ताओं का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर परिषद बकहो के सामने टेंट लगाकर अपनी आवाज़ उठाई है और चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन की राह पर जा सकते हैं।

कांग्रेस का दावा है कि स्थानीय निवासियों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के नाम पर जो विकास कार्य किए गए हैं, उनमें भारी भ्रष्टाचार हुआ है। कांग्रस के नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यदि हमें न्याय नहीं मिला, तो हम सड़कों पर उतरकर व्यापक आंदोलन करेंगे। स्थानीय निवासी भी इस मुद्दे में सक्रियता से शामिल हो रहे हैं। एक स्थानीय निवासी ने कहा कि हम चाहते हैं कि हमारे टैक्स का पैसा सही तरीके से इस्तेमाल हो।

## 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को

**विजयमत,शहडोल।**

राज्य शासन द्वारा 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को आयोजित करने के संबंध मे समस्त जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी किये गये है। जारी आदेश में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए जिले की समस्त संस्थाओं को प्रेरित किया जायेगा, सभी कार्यक्रम आयोजकों को अपना पंजीयन कराना होगा।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम जिले के पंचायत मुख्यालयों तथा पंचायत के अन्य ग्रामों एवं सभी नगरीय निकायों मुख्यालय एवं समस्त वार्डो में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कराया जायेगा। योग दिवस के कार्यक्रम के लिए भारत सरकार द्वारा योग निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के लिए जिले में पंतजलि योग संस्थान, श्रीरामचंद्र मिशन हार्टफुलनेस संस्थान, जन अभियान परिषद, म.प्र. योग आयोग एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं से संबद्ध योग इन्स्ट्रक्टर/योगा वॉलेंटियर उपलब्ध है जिनकी सूची पृथक से आयुष विभाग द्वारा प्रदाय की जायेगी।

प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव का 21 जून के योग दिवस कार्यक्रम में उद्धबोधन का सीधा प्रसारण प्रदेश के समस्त ग्रामों एवं वार्डो में कराया जायेगा।

## सिकल सेल एनीमिया को रोकने जन जागरूकता आवश्यक-सिविल सर्जन

**विजयमत,शहडोल।**

सिकल सेल एनीमिया दिवस के अवसर जिला अस्पताल शहडोल परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया को जड़ से खत्म करने के लिए जन जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि सब मिलकर यह संकल्प लें कि वर्ष 2047 तक मध्यप्रदेश को सिकल सेल मुक्त बनाएंगे। हर नागरिक की स्क्रीनिंग कराएं, विवाह पूर्व सिकल सेल कार्ड को अनिवार्य रूप से अपनाएं और समाज में संकोच नहीं, समाधान का संदेश फैलाएं। शिविर में लोगो की सिकल सेल एनीमिया की जांच की गई एवं सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूक किया गया। इस



अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसडी कंवर, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री आनंद राय सिंहा, डीएचओ डॉ0 आरके शुक्ला, डीआईओ श्री आनंद सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थें। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर में आए लोगो को आधार कार्ड, आयुष्मान भारत, कार्ड जाति प्रमाण-पत्र, पीएम किसान, जनधन खातों के विवरण के साथ ही शिविर के माध्यम से सिकिल सेल रोग और उनके परीक्षण के बारे में आम जनता को जागरूक किया गया। हर घर जल, बिजली, पीएम उज्जवला योजना, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आगंनबडी केन्द्र की स्थापना, छात्रावास निर्माण, प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना, पोषण वाटिका, मोबाइल नेटवर्क कनेक्टविटी, स्किल इण्डिया मिशन, डिजिटल इनीशिएटिव्स, टिकाउ कृषि पध्दतिया योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत केपेसिटि बिल्डिंग ऑन एफआरए एवं ट्रायबल स्टे होम-स्वदेश दर्शन के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया।

**समस्या** ग्रामीण अंचलों में पीने के पानी का संकट गहराया, जिम्मेदार चुप, नल जल योजना की जमीनी हकीकत, आंकड़ों में छलावा, संकट में ग्रामीण


# वर्षा ऋतु दस्तक दे चुकी, नल-जल योजनाएं अब भी अधूरी

**विजयमत,शहडोल।**

जिले में भीषण गर्मी के बाद अब मौसम ने करवट ले ली है और वर्षा ऋतु की शुरुआत हो चुकी है। लेकिन शहडोल जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट जस का तस बना हुआ है। सरकार द्वारा ÷हर घर जल÷ के लक्ष्य को लेकर चलाई जा रही नल-जल योजना और समूह जल प्रदाय योजना ग्रामीणों की प्यास बुझाने में विफल होती नजर आ रही है। योजना की धीमी गति, लापरवाह क्रियान्वयन और बिजली जैसी बुनियादी समस्याओं ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

### 636 में से केवल 287 योजनाएं पूरी, शेष अधर में

जल जीवन मिशन के तहत जिले में 636 नल-जल योजनाएं स्वीकृत की गईं। इनमें से केवल 287 योजनाएं ही पूर्ण हो सकी हैं, जबकि 349 योजनाएं अभी तक अधूरी हैं। कई गांवों में पानी की टंकी का निर्माण भी शुरू नहीं हो पाया है और जहां टंकी बन चुकी है, वहां पाइपलाइन और कनेक्शन कार्य अधूरा है।




### नल जल योजना की जमीनी हकीकत

शहडोल जिले में जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत 636 योजनाओं में से मात्र 287 ही पूरी हो सकी हैं, जबकि 349 अभी अधर में हैं। सबसे अधिक योजनाएं बुढ़ार 191 और जयसिंहनगर-185 में स्वीकृत हुईं, परंतु पूर्णता का आंकड़ा केवल 70 तक ही सिमटा। गोहपारू, ब्यौहारी, सोहागपुर में भी अधूरी योजनाएं ग्रामीणों की परेशानी का कारण बन रही हैं। कुल 222 योजनाएं ही ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित की गई हैं, जिनमें भी कई बंद पड़ी हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि सरकारी दावे और जमीनी सच्चाई के बीच गहरी खाई बनी हुई है।

### हैंडओवर के बाद भी नहीं मिली राहत

पूरी हुई 287 योजनाओं में से 222 को ग्राम पंचायतों को हैंडओवर किया जा चुका है, लेकिन इनमें से कई योजनाएं तकनीकी या प्रबंधन संबंधी खामियों के चलते बंद पड़ी हैं। कहीं बिजली बिल न भरने के कारण विद्युत कनेक्शन काट दिया गया है, तो कहीं पंप की मरम्मत न होने से पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप है।

### बिजली और वोल्टेज बनी सबसे बड़ी बाधा

ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति की अस्थिरता और कम वोल्टेज भी नल-जल योजनाओं को प्रभावित कर रही है। कई जगहों पर 5 एचपी के सबमर्सिबल पंप पर्याप्त वोल्टेज न मिलने के कारण चालू नहीं हो पा रहे हैं, जिससे जल टंकियों में पानी नहीं चढ़ पा रहा है।

### प्रशासनिक उदासीनता और एजेंसियों की लापरवाही जिम्मेदार

इन योजनाओं की निगरानी पीएचई विभाग करता है, लेकिन विभाग की उदासीनता, ठेकेदार एजेंसियों की लापरवाही और ग्राम पंचायतों की सीमित क्षमता योजना की असफलता के मुख्य कारण बनकर उभर रही है। जब तक प्रशासनिक इच्छाशक्ति और सख्त निगरानी नहीं होगी, तब तक हालात में सुधार की उम्मीद बेमानी होगी।

## न्यूज इन शॉर्ट




### धोखाधड़ी प्रकरण में 9 वर्ष से फरार आरोपी छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार

अनूपपुर। कोतावली पुलिस अनूपपुर ने धोखाधड़ी के प्रकरण में पिछले 9 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी संतोष राठौर निवासी चोरभट्ठी जैतहरी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अरविन्द जैन ने बताया कि 30 अप्रैल 2016 को फरियादी 35 वर्षीय टीकम प्रसाद रजक पिता विशाल रजक निवासी ग्राम हर्री के द्वारा कोतवाली अनूपपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि सृष्टि वेयर कंपनी के एजेंट संतोष राठौर एवं नरेन्द्र राठौर के द्वारा फरियादी को 5 वर्षों में पैसा डबल करने एवं प्रत्येक माह 750 रूपए का बोनस दिए जाने का लालच देकर फरियादी से 50 हजार रुपए प्राप्त किया था, जहां सृष्टि वेयर कंपनी का पालिसी दिया गया और संतोष राठौर द्वारा फरियादी से लिए गए 20 हजार रुपए की कोई पालिसी नहीं दी गई। जिस पर थाना में धारा 420 34 पंजीबद्ध किया गया था तथा प्रकरण के अन्य 8 आरोपियों सामियल लिबिन्सटन, जगदीश प्रसाद चर्मकार, रामकृपाल कोल, ननदओ राठौर, देवेन्द्र कुमार राठौर, रामकिशोर रैदास, रामलाल चौधरी, नरेन्द्र कुमार राठौर को गिरफ्तार किया जा चुका था। आरोपी संतोष राठौर लम्बे समय से फरार चल रहा था, जिसे 18 जून को कोतवाली निरीक्षक के नेतृत्व में आरोपी संतोष राठौर पिता लखनलाल राठौर निवासी ग्राम चोरभट्ठी जैतहरी को छत्तीसगढ़ के पेंड्रा जिला से गिरफ्तार किया गया है।

### आम के पेड़ पर फांसी के फंदे में लटका मिला वृद्ध का शव, जांच में जुटी पुलिस

अनूपपुर। कोतवाली थाना अंतर्गत कांसा गांव के टिकरीटोला में 50 वर्षीय वृद्ध का शव फांसी के फंदे से लटका पाया गया। घटना की सूचना परिजनों व ग्रामीणों ने पुलिस को दी। घटना बुधवार की दोपहर 1 बजे घटना बताया गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पीएम उपरांत परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि कांसा गांव के वार्ड क्रमांक 13 टिकरीटोला निवासी 50 वर्षीय छोटेलाल यादव पिता राममनोहर यादव ने बुधवार की दोपहर अज्ञात कारणों से घर से कुछ दूर पर स्थित डोकरी तालाब की मेढ में लगे पेड़ में तौलिया से फांसी लगाकर मृत स्थिति में पाया गया था, जहां ग्रामीणों ने परिजनों के साथ पुलिस को सूचना दी। शाम को पुलिस ने शव का पंचनामा बनाते हुए जिला अस्पताल में सुरक्षित रख दिया था, जहां गुरूवार की सुबह पीएम की कार्रवाई हुई।

### पिपरिया, छुलहा तथा पसला फीडर में विद्युत आपूर्ति रहेगी अवरुद्ध

अनूपपुर। मप्रपूक्षेविवि कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता(संचा./संधा.) ने बताया है कि उप संभाग अनूपपुर अंतर्गत वितरण केन्द्र अनूपपुर (ग्रामीण) में 33 केवी लाइन, 11 केवी लाईन, एलटी लाइन एवं ट्रांसफार्मरों का मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इस कार्य के प्रभावी रूप से सम्पादन के लिए 20 जून को 11 केवी पिपरिया फीडर, 11 केवी छुलहा फीडर, 11 केवी पसला फीडर से जुड़े सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहेगी। कार्य के अनुसार विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहने की समयावधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

### युवा संगम रोजगार मेला आज

उमरिया । जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री कौशल केंद्र खलेसर नाका में युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन 20 जून को प्रातः 10 बजे से आयोजित किया गया है । युवा संगम रोजगार मेले में वर्धमान यान मंडीदीप भोपाल, प्रगतिशील बायोटेक, एसआईएस सिक्योरिटी गार्ड अनूपपुर, एलआईसी उमरिया, रिलाइंस निप्पोन, सहयोग माइक्रो फाइनेंस , प्रथम एजुकेशन जबलपुर तथा मोबाइल पे की कंपनी भाग लेगी।

### कई गांव में धरबी आबा जन जातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत लगाया गया शिविर




उमरिया। भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार जनजातीय समुदाय के लोगो को सशक्त बनाने तथा शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। धरबी आबा जन जातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 जून से 30 जून तक उमरिया जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किये जा रहे है। प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत इस अभियान के अन्तर्गत शिविरों में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पीएम किसान, जनधन खाता के वितरण के साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है । सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डा पूजा व्दिवेदी ने बताया कि 18 जून को करकेली विकासखंड के ग्राम पंचायत झांपी, पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत अमिलिहा तथा मानपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बरबसपुर में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर लगाया गया तथा शिविर में आए लोगों को पात्रतानुसार लाभ दिलाया गया।

---

रामलाल रौतेल बोले, सिकल सेल रोग उन्मूलन के लिए सरकार कर रही लगातार प्रयास, शिविर में 410 लोगों ने कराया जांच

# विवाह की कुंडली मिलान की अपेक्षा सिकल सेल कार्ड मिलान ज्यादा महत्वपूर्ण-दिलीप जायसवाल

**विजय मत, अनूपपुर**

सिकल सेल एनीमिया के प्रति केंद्र एवं राज्य सरकार अत्यंत संवेदनशील है, जिसके उन्मूलन के लिए सरकार अनेक कार्यक्रम चला रही है। सिकल सेल एनीमिया एक अनुवांशिक बीमारी है, जिसमें रक्त की लाल कोशिकाएं अर्द्ध चंद्राकार की हो जाती हैं और शरीर में ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित करती हैं। इस बीमारी से बचाव के लिए आवश्यक है कि 'कुंडली मिले या न मिले, विवाह से पूर्व सिकल सेल कार्ड अवश्य मिलाएं।' यदि दोनों युवा सिकल सेल वाहक होते हैं तो उनके बच्चों में गंभीर सिकल सेल रोग होने की संभावना बहुत अधिक होती है। इसलिए विवाह से पूर्व सिकल सेल जांच कराना केवल व्यक्तिगत ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए एक सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। यह बात कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार)मप्र. दिलीप जायसवाल ने जिला मुख्यालय अनूपपुर के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति एवं जन स्वास्थ्य सहयोग गनियारी संस्था के तत्वाधान में विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शहडोल जिले से वर्ष 2023 में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का शुभारंभ किया गया था। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सिकल सेल एनीमिया की जांच, रोकथाम एवं प्रबंधन के लिए चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ तथा स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा अनेक सकारात्मक पहल एवं कार्यक्रमों के माध्यम से उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। वहीं प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल एवं मुख्यमंडी डॉ. मोहन यादव द्वारा भी लगातार ग्रामीण अंचलों का भ्रमण कर सिकल सेल एनीमिया से बचाव के लिए कार्यक्रम आयोजित कर जन जागरूकता लाई जा रही है। उन्होंने जिले में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जन स्वास्थ्य सहयोग गनियारी संस्था द्वारा किए गए कार्यों की सराहना भी की।





**लक्षण महसूस होने पर कराएं चिकित्सकीय जांच**

कार्यक्रम में मप्र कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक देश को सिकल सेल मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर सब एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि सिकल सेल उन्मूलन के लिए सभी व्यक्ति एकजुट होकर कार्य करें। अगर आसपास किसी भी व्यक्ति को सिकल सेल के लक्षण जैसे- शरीर में दर्द, थकान, सांस लेने में तकलीफ सहित अन्य लक्षण प्रतीत हो तो तत्काल डॉक्टर की सलाह लेने तथा सिकल सेल की जांच कराएं। इस दौरान जिला स्वास्थ्य समिति एवं जन स्वास्थ्य सहयोग गनियारी संस्था के द्वारा ग्रामीण बाहुल्य क्षेत्र में सिकल सेल के उन्मूलन के लिए किए जा रहे कार्य, जांच एवं रोकथाम की जानकारी चलचित्र के माध्यम से प्रदर्शित कर दी और लोगों को सिकल सेल के प्रति जागरूक किया। वहीं बड़वानी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण के माध्यम से देखा एवं सुना गया। जबकि शिविर में आए सिकल सेल से प्रभावित सिकल सेल योद्धा दिलराज सिंह परस्ते, राशि पटेल सहित अन्य 8 योद्धाओं ने सिकल सेल से संबंधित समस्याओं और उससे बचाव अपने-अपने अनुभवों को साझा किया तथा लोगों से अपील भी कि सिकल सेल की जांच अवश्य कराएं। शिविर में लगभग 410 लोगों ने सिकल सेल एनीमिया की जांच, स्क्रीनिंग और काउंसलिंग कराया।

## राजेन्द्रग्राम में विचरण कर रहे हाथियों ने ग्रामीणों के आशियाने को पहुंचाया नुकसान

**तीन दिनों से चार हाथियों के लिए क्षेत्र में बना है रहवास, छींदपानी के जंगल पहुंचे**

**विजय मत, अनूपपुर**

राजेन्द्रग्राम वनपरिक्षेत्र में पिछले तीन दिनों से चार हाथियों का समूह ने विचरण के दौरान बुधवार की रात भोजन की तलाश में कई ग्रामीण आवासों को अपना निशाना बनाया है। जहां घरों को क्षतिग्रस्त करते हुए अंदर रखे अनाज खा गए, वहीं बाड़ी व खेतों में लगी फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है। तीन दिन पूर्व चारो हाथी बैहार से पहाड़ चढ़ते हुए राजेंद्रग्राम के गिरारीखुर्द, शिवरीचंदास गांव में विचरण करते हुए बुधवार की सुबह बघर्रा के जंगल पहुंचे थे। जहां बुधवार-गुरूवार की रात बघर्रा से लोहारिनटोला होते जोहिला नदी पार कर बसनिहा में विचरण करते हुए देर रात बरटोला, जींलग, छपानी होते हुए गुरुवार की सुबह छींदपानी बीट के जंगल में पहुंचे हैं। वहीं गुरूवार की सुबह चारों हाथी छींदपानी के जंगल पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं।उल्लेखनीय है कि चारों हाथी 14 जून की रात छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही इलाके से अनूपपुर जिले के जैतहरी वनपरिक्षेत्र में प्रवेश किया था।




**आहार की तलाश में आवासों को बना रहे निशाना**

वर्तमान में बारिश गिरने का सिलसिला बन गया है, जिसके कारण पानी की पर्याप्ता मिलेगी, लेकिन खेतों में फसल की कमी के कारण ये हाथी आहार की तलाश में ग्रामीणों के घरों को निशाना बना रहे हैं, जहां घर के अंदर रखे अनाज को खाने के साथ आवाासों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। मंगलवार की रात गिरारीखुर्द गांव में नाहर सिंह, जय सिंह, गर्जन सिंह, शिवरीचंदास में हीरालाल सिंह के घरो में तोडफ़ोड़ किया तो बघर्राटोला में गुलजार सिंह, संजय अवस्थी, रम्मू यादव, बरटोला निवासी रम्मू सिंह, जींलग निवासी कृष्णा सिंह, भगवान सिंह, छपानी निवासी श्यामलाल सिंह के घरों में तोडफ़ोड़ मचाया। हाथियों के विचरण को देखते हुए वनविभाग स्थानीय ग्रामीणों एवं विभिन्न विभागों के साथ संपर्क बनाकर निरंतर निगरानी कर रहा है। ग्रामीणों को सतर्क एवं सुरक्षित रहने की अपील की जा रही है।

### 39वा नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ

उमरिया। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण), राजा बाबू सिंह के कुशल मार्गदर्शन में, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय उमरिया के पुलिस अधीक्षक मुकेश वैश्य के निर्देशन में, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय उमरिया में 39वा नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2025-26 संचालित किया जा रहा है , जिसमें 17 जून को प्रशिक्षुओं को प्रातः कालीन आउटडोर प्रशिक्षण के तहत पीटी एवं योग प्रशिक्षण दिया गया तत्पश्चात हार्टफुलनेस योग प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के तौर पर प्रधान आरक्षक ॠतुराज सिंह द्वारा हार्टफुलनेस योग अभ्यास कराया गया। द्वितीय सत्र में टीम गेम्स कराया गया । प्रशिक्षण में आज दिनांक की स्थिति में 12 जिलों से आमद आए नामांकित 56 नव आरक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

### किशोरी के अपहरण और बलात्कार मामले में तीसरा फरार आरोपी हुआ गिरफ्तार



**विजय मत, अनूपपुर**

रामनगर थाना क्षेत्र से किशोरी के घर से अपहरण कर बलात्कार की घटना को अंजाम देने के मामले फरार तीसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसे न्यायालय पेश किया है। इससे पूर्व मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया था। थाना प्रभारी सुमित कौशिक ने बताया कि मामले में फरार आरोपी कामता केवट पिता रामनरेश केवट निवासी ग्राम रेउंदा घटना के बाद से फरार चल रहा था। जिसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में गठित टीम को सफलता मिली और बीती रात आरोपी कामता केवट को गिरफ़्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को 19 जून को न्यायालय में पेश किया गया है। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजे जाने की संभावना है।

## घटिया निर्माण कार्य से सड़क बनने से पहले ही उखड़ने लगी, कांग्रेस ने की पुनर्निर्माण की मांग

**विजय मत, कोतमा**

नगर पालिका परिषद कोतमा के वार्ड क्रमांक 5 व 6 में निर्मित कायाकल्प योजना के तहत बनाई गई सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोतमा के अध्यक्ष मनोज सोनी ने नगर पालिका परिषद सीएमओ प्रदीप झरिया को ज्ञापन सौंपा कर निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाया है।पत्र में बताया गया है कि कोतमा वार्ड नं. 05 व 06 के मध्य में बनाई गई 710 मीटर लंबी डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य हाल ही में हुआ था, जिसकी लागत दस लाख साठ हजार है,लेकिन अब वह सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी है। स्थानीय रहवासियों द्वारा इसकी शिकायत लगातार की जा रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज सोनी ने मांग की है कि घटिया निर्माण कार्य को तत्काल रोकते हुए सड़क की गुणवत्ता की जांच कर ठेकेदार अजय यादव उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद पसान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता को पुनर्निर्माण के निर्देश दिए जाएं। साथ ही दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जनता के पैसे का दुरुपयोग न हो।

### जिले में बीते 24 घंटे में 1.8 मिमी वर्षा दर्ज

उमरिया। अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि जिले में बीते 24 घंटे में 1.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है जिसमें बांधवगढ़ में 4.8 मिमी, मानपुर में 1.2 मिमी, पाली में 1.8 मिमी, नौरोजाबाद में 1.2 मिमी, करकेली में 3.4 मिमी वर्षा , शामिल है । जिले में 1 जून से लेकर आज दिनांक तक 24.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है जिसमें बांधवगढ़ में 29.2 मिमी, मानपुर में 12.5 मिमी, पाली में 17.2 मिमी, नौरोजाबाद में 18.2 मिमी, चंदिया में 33 मिमी, करकेली में 27.4 मिमी, बिलासपुर में 33.4 मिमी वर्षा शामिल है ।

## राहुल गांधी के जन्मदिवस पर युवा कांग्रेस द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**विजय मत, कोतमा**

कांग्रेस पार्टी के जननायक, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर युवा कांग्रेस द्वारा जिले के पसान नगर पालिका अंतर्गत एक भव्य स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुड्डू चौहान के नेतृत्व में हुआ, जिसमें राहुल गांधी का जन्मदिवस सेवा भाव के रूप में मनाते हुए आमजन के लिए स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।इस शिविर में सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। शिविर में सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. सलमान, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अनीसा बानो, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के. द्विवेदी, कार्डिएक टेक्नीशियन मयंक जैन चंदेरिया, लैब टेक्नीशियन सुमित सोनी तथा फार्मासिस्ट इसरार मियाँ ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। दवा वितरण के साथ ही निशुल्क चश्मों का वितरण भी किया गया। शिविर स्थल पर शुद्ध पेयजल, स्वल्पाहार आदि की व्यवस्थाएं भी मौजूद रहीं।इस अवसर पर उपस्थित जनों व लाभान्वित नागरिकों ने युवा कांग्रेस के इस जनसेवी आयोजन की सराहना की तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजन करते रहने की प्रेरणा दी।शिविर के आयोजन में प्रमुख रूप से युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुड्डू चौहान, जिला महासचिव मानवेन्द्र मिश्रा, युवा कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष पंकज पांडेय, अरविंद मिश्रा महाकाल, संदीप यादव, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष नदीम अली अशर्फी, युवा नेता शिव वर्मन, मनोज वर्मन, रियाज अंसारी, कांग्रेस जिला महामंत्री बिलाल अहमद, महिला नेत्री संध्या वर्मा सहित अन्य युवा नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।



---

**समझाईस** — यातायात और आरटीओ की पहल, अनूपपुर की ऑटो में चस्पा की गई किराया सूची, चालकों को दी समझाईश

# ऑटो चालकों के मनमाने किराए से मुसाफिरों को मिलेगी राहत

**विजय मत, अनूपपुर**

जिला मुख्यालय अनूपपुर में ऑटो चालकों के मनमाने किराए से परेशान मुसाफिरों को अब राहत मिल जाएगी। क्योंकि अब ऑटो चालक तय किराया दर से अधिक की राशि यात्रियों से वसूल नहीं कर सकेंगे। अगर इसकी शिकायत यातायात व आरटीओ तक पहुंचती है तो सम्बंधित चालक के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। जिला मुख्यालय अनूपपुर में बुधवार को आरटीओ सुरेन्द्र सिंह गौतम और यातायात जिला प्रभारी ज्योति दुबे की संयुक्त टीम ने इस रणनीति को अमली जामा पहनाया है। यातायात प्रभारी ज्योति दुबे और आरटीओ एसएस गौतम ने बताया कि जिला मुख्यालय में विभिन्न गंतव्य स्थानों तक आवागमन के लिए संचालित ऑटो में प्रति सवारी किराया निर्धारित करने जिला परिवहन अधिकारी की अध्यक्षता में यातायात प्रभारी एवं ऑटो यूनियन की संयुक्त मीटिंग आयोजित की गई थी। जिसमें सर्वसम्मति से अनूपपुर शहर के अंदर विभिन्न गंतव्य स्थान के बीच ऑटो का किराया निर्धारित किया गया था। बुधवार को किराया सूची को ऑटो पर चस्पा करने की कार्रवाई की गई है। सुयक्त टीम द्वारा बस स्टैंड रेलवे स्टेशन एवं सामतपुर तिराहा, इंदिरा तिराहा के पास खड़े ऑटो में किराया दर की सूची को चस्पा किया और चालकों के साथ यात्रियों को भी जानकारी दी गई।



**कहां कितना निर्धारित किराया**

विभागीय जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड तक, रेलवे स्टेशन से सामतपुर तिराहा, रेलवे स्टेशन से अमरकंटक तिराहा, बस स्टैंड से सामतपुर तिराहा, बस स्टैंड से अमरकंटक तिराहा तक 10 रुपए प्रति सवारी, रेलवे स्टेशन से कलेक्टेट कार्यालय, रेलवे स्टेशन से शंकर मंदिर चौक या जिला जेल, रेलवे स्टेशन से जिला अस्पताल, बस स्टैंड से कलेक्टेट, बस स्टैंड से शंकर मंदिर चौक या जिला जेल, बस स्टैंड से जिला अस्पताल या इंदिरा तिराहा, बस स्टैंड से तहसील या जिला न्यायालय तक 20 रुपए प्रति सवारी, रेलवे स्टेशन से तहसील एवं जिला न्यायालय, रेलवे स्टेशन से तुलसी कॉलेज या साईं मंदिर, रेलवे स्टेशन से एकलव्य स्कूल या पुलिस लाइन, बस स्टैंड से तुलसी कॉलेज साईं मंदिर, बस स्टैंड से एकलव्य स्कूल या पुलिस लाइन तक प्रति सवारी 30 रूपए निर्धारित किया गया है।

**सावर्जनिक स्थलों पर लगेगी सूची की होर्डिंग**

एक ओर जहां जिला यातायात प्रभारी और आरटीओ द्वारा ऑटो में किराया दर सूची का चस्पा किया गया है, वहीं आम नागरिकों या यात्रियों तक किराया सूची की जानकारी को लेकर सार्वजनिक स्थल खासकर रेलवे स्टेशन परिसर, बस स्टैंड परिसर, सामतपुर तिराहा, अमरकंटक तिराहा, न्यायालय परिसर, तुलसी महाविद्यालय, और कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास होर्डिंग लगाकर जानकारी सार्वजनिक करने की भी दोनों विभागीय अधिकारियों द्वारा तैयारी की जा रही है।

# विराट कोहली और रोहित के बिना भी भारतीय टीम में काफी गहरायी: कार्स

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स ने कहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना भी भारतीय टीम काफी अच्छी है और उसे कमजोर समझने की भूल नहीं की जा सकती है। कार्स के अनुसार भारतीय टीम को विराट और रोहित जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की कमी से झटका जरुर लगा है पर इसके बाद भी उसकी बल्लेबाजी में काफी गहरायी है। इसलिए इन दोनो के नहीं होने के बाद भी पांच मैच की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम कड़ी चुनौती पेश करेगी कोहली और रोहित ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिय था जिसके बाद युवा शुभमन गिल को भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया था।



कार्स ने कहा, '' ये सही है कि कोहली और रोहित की अनुपस्थिति उनके बल्लेबाजी क्रम के लिए बहुत बड़ी क्षति है। वे एक दशक से अधिक समय से बल्लेबाजी संभालते रहे हैं और बेहद अनुभवी विश्व स्तरीय बल्लेबाज हैं।'' उन्होंने कहा, '' पर इसके बाद भी भारतीय क्रिकेट में जो गहराई है और जिस तरह के खिलाड़ी आ रहे हैं, उससे उनकी टीम काफी अच्छे अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों के साथ उतरेगी और वे हमें कड़ी चुनौती देंगे।'' ये सीरीज लीड्स टेस्ट के साथ शुक्रवार से शुरू होगी। तेज गेंदबाज कार्स ने कहा कि उनका गेंदबाजी आक्रमण पिचों की के अनुनसार युवा भारतीय बल्लेबाजी क्रम के कम अनुभवों का लाभ उठाने का प्रयास करेगा।

कार्स ने कहा, ''उनके पास स्तरीय खिलाड़ी हैं। यह इस बात पर निर्भर करता है कि पिच कैसी रहती है। मुझे लगता है कि कोई भी बल्लेबाज जिसे आप गेंदबाजी कर रहे हैं, आप जानते हैं कि नई गेंद से या शुरुआती 20 गेंद पर आउट होने की संभावना अधिक है।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए जब भी हमें उनके शीर्ष क्रम के किसी भी बल्लेबाज को आउट करने का अवसर मिलेगा तो हम उनके खिलाफ जल्द से जल्द रणनीति और प्रक्रिया अपनाएंगे।'' कार्स इस साल की शुरुआत में पैर की अंगुली की चोट के कारण बाहर होने के बाद वह चैंपियंस ट्रॉफी से रहे गए थे लेकिन अब चोट से उबर चुके हैं।

# श्रेयस होते तो भारतीय टीम के लिए बदलाव का सामना करना आसान होता: नाइट

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज निक नाइट ने भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की सराहना करते हुए कहा है कि उन्हें टीम में रखा जाना चाहिये था। नाइट के अनुसार रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों के नहीं होने से बदलाव के दौर से गुजर रही भारतीय टीम को श्रेयस के रहने से लाभ होता। नाइट के अनुसार श्रेयस एक अच्छे बल्लेबाज जो जो मध्यक्रम को संभाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरे में भारतीय टीम ने चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव को शामिल कर टीम किया है। वह टीम के लिए एक्स फैक्टर साबित होंगे। अय्यर के टीम का हिस्सा नहीं होने के कारण नाइट को कुलदीप और युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन से



अच्छे प्रदर्शन की उम्मीदें हैं। सुदर्शन के लीड्स में पहले टेस्ट में डेब्यू करने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि अनुभवी बल्लेबाज लोकेश राहुल को इस दौरे में अहम जिम्मेदारी संभानली होगी। उनके ऊपर एक प्रकार से बल्लेबाजी टिकी होगी। उनके अलावा एक दो खिलाड़ियों को छोड़ दें तो अन्य सभी बल्लेबाज नये हैं और उनके पास अनुभव नहीं है। ऐसे में शीर्ष क्रम को बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी जिससे कि मध्यक्रम पर दबाव न आये। साथ ही कहा कि अगर भारतीय टीम को ये सीरीज जीतनी है तो उसके गेंदबाजों को 20 विकेट लेने होंगे। भारतीय टीम साल 2007 के बाद यहां एक भी सीरीज नहीं जीती है। ऐसे में उसके लिए ये सीरीज बेहद अहम मानी जा रही है

नाइट ने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर भारत को 2007 के बाद इंग्लैंड में अपनी पहली सीरीज जीतने है तो 20 विकेट लेना अहम होगा। इंग्लैंड के लिए 17 टेस्ट और 100 एकदिवसीय मैच खेलने वाले 55 साल के नाइट नहीं चाहते कि भारत अपनी बल्लेबाजी को मजबूत के लिए गेंदबाजी से समझौता करे।

# वैभव के बल्लेबाजी कौशल को देखकर हैरान हैं बटलर

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर ने 14 साल के उभरे हुए भारतीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी की जमकर प्रशंसा की है। बटलर ने कहा कि इतनी कम उम्र में वैभव जिस प्रकार से बल्लेबाजी करते हैं उसे देखकर मुझे हैरानी होती है। बटलर ने कहा कि जिस प्रकार वैभव ने आईपीएल में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 206 के स्ट्राइक रेट से केवल सात पारियों में 252 रन बनाए वह आसान काम नहीं है। इस दौरान इस बल्लेबाज ने 35 गेंदों पर ही शतक लगा दिया था। वैभव आईपीएल में जहां राजस्थान रॉयल्स से खेल रहे थे। वहीं बटलर गुजरात टाइटंस टम में शामिल थे। बटलर ने स्टुअर्ट ब्रॉड के साथ बातचीत के दौरान कहा, हमारे खिलाफ 35 गेंदों में शतक वाली वैभव की पारी बहुत ही शानदार थी जबकि हमारी यहां मोहम्मद सिराज, , प्रसिद्ध कृष्णा के अलावा राशिद खान जैसा स्पिनर था पर



इसके बाद भी वैभव ने लंबे छक्के लगाए। उन्होंने इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ भी एक आक्रामक जबकि सीएसके में आर अश्विन और रवींद्र जडेजा जैसे अनुभवी स्पिनर हैं। वैभव की बल्लेबाजी का सबसे सकारात्मक पक्ष ये है कि वह निडर होकर खेलता है और ये नहीं देखता कि कौन सा गेंदबाज सामने है। बटलर ने कहा, वास्तव में जब उसने आईपीएल में अपनी पहली गेंद पर छक्का मारा। तो उसने थोड़ी जगह बनायी और गेंद को लॉन्ग ऑफ के ऊपर से मार दिया। उसके खेल में निडरता थी जो काफी कम खिलाड़यों में दिखती है।

# शुभमन की कप्तानी में बेहतर शुरुआत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**लीड्स, एजेंसी**

शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम शुक्रवार से यहां मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में उतरेगी। इस मुकाबले से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लयूटीस) 2025-27 के चक्र की भी शुरुआत होगी। ऐसे में भारतीय टीम का लक्ष्य इसमें बेहतर प्रदर्शन कर जीत दर्ज करना रहेगा। इस सीरीज में भारतीय टीम विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना उतरेगी ऐसे में टीम में शामिल युवाओं के पास अपने को साबित करने का अच्छा अवसर रहेगा। ऐसे में ये सीरीज भारतीय क्रिकेट के लिए भी एक नए युग की तरह होगी। इस मैच में शुभमन के अलावा शस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ियों पर सबकी नजरें रहेंगी।




सात साल बाद वापसी कर रहे करुण नायर के अभ्यास सत्र में चोटिल होने से भी टीम को झटका लगा है। गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह के बास रहेगी। मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाज उनका साथ देंगे। स्पिन की कमान कुलदीप यादव के पास रहेगी। वहीं पिच की बात करें तो हेडिंग्ले की पिच अपने उछाल और तेजी के लिए जानी जाती है। वहीं पिच क्यूरेटर रॉबिन्सन का कहना है कि वह चाहते हैं मैच पूरे पांच दिन तक चले। उनका उद्देश्य यह है कि पिछली बार की तरह तीन दिन में खेल खत्म न हो इसलिए ऐसे पिच बनायी गयी है जिसपर शॉट खेले जा सकें। उन्होंने उम्मीद जताई है कि जो भी टीम पहले बल्लेबाजी करेगी वह करीब 300 रन बना सकेगी। मौसम विभाग ने भी गर्मी की संभावना जताई है, जिससे बल्लेबाजों को सहायता मिल सकती है।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**इंग्लैंड की एकादश-**जैक क्रॉउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**भारतीय-**शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

# शुभमन की टीम प्रतिभाशाली, विशेष सफलता हासिल करेगी: कपिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा है कि शुभनन गिल के नेतृत्व में इंग्लैंड गयी टीम को अुनभवहीन कहना गलत है। कपिल ने कहा कि शुभमन और उनकी टीम काफी प्रतिभाशाली है और वे इस दौरे में कुछ विशेष जरुर करेंगे। कपिल ने शुभमन को कप्तान बनाये जाने के फैसले को सही बताया है। उन्होंने माना कि शुभमन ने इससे पहले इंग्लैंड में केवल 3 टेस्ट मैच खेले हैं जिनमें उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और उन्होंन 14.66 की औसत से केवल 88 रन बनाए हैं।



कपिल ने शुभमन को अच्छा और प्रतिभाशाली खिलाड़ी बताया और कहा कि अब वह भारतीय टीम का कप्तान है। साथ ही भरोसा जताया है कि वह ट्रॉफी लेकर लौटेगा। उन्होंने कहा कि सभी को शुभकामनाएं। मुझे उम्मीद है कि वे विजेता बनकर घर लौटेंगे और अपनी पूरी क्षमता के साथ खेलेंगे।'

1983 की विश्व कप विजेता टीम के कप्तान कपिल देव मौजूदा भारतीय टीम को अनुभवहीन कहे जाने के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा, आज वे हो सकता है कि अनुभवहीन हों, लेकिन कल वे अनुभवी हो जाएंगे हमें अपनी टीम पर गर्व होना चाहिये। मुझे इन खिलाड़ियों में भरोसा है कि वे कुछ विशेष करेंगे। मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि जाओ और खेलो। केवल इतनी बात है। आनंद उठाओ, मैं भारतीय टीम से सिर्फ इतना कहना चाहता हूं। कपिल ने टीम के तेज जसप्रीत बुमराह की भी प्रशंस करते हुए उन्हें विश्व के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक करार दिया।

## बिजनेस

# सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

घरेलू बाजार में गुरुवार को सुबह सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई है। इन दोनो के वायदा भाव आज नीचे आये हैं। युबह घरेलू बाजार में सोने की कीमत 99,300 रुपये, जबकि चांदी 1,08,400 रुपये थी। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में कमी आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त अनुबंध 335 रुपये टूटकर 99,202 रुपये के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 99,537 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 247 रुपये नीचे आकर 99,290 रुपये के भाव पर था। ये 99,304 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 99,152 रुपये के भाव पर दिन के निचला स्तर पर पहुंचा। सोने के वायदा भाव इस साल 1,01078 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे थे। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी कमजोर रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई अनुबंध 405 रुपये नीचे आकर 1,08,161 रुपये पर खुला। वहीं इसका पिछला



बंद भाव 1,08,566 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 179 रुपये टूटकर 1,08,387 रुपये के भाव पर कामकाज कर रहा था। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव में कमी आई है। कामेक्स पर सोना 3,387.10 डॉलर प्रति औंस पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 3,408.10 डॉलर प्रति औंस था। वहीं एक समय यह 15.50 डॉलर की कमी के साथ ही 3,392.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कामकाज कर रहा था। सोने के वायदा भाव इस साल 3,509.90 डॉलर के शीर्ष स्तर पर पहुंचे हैं जबकि कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 36.75 डॉलर के भाव पर खुले।

# अब देश में सभी मोबाइल नंबरों के लिए केवॉयसी अनिवार्य, सरकार ने लिया फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने मोबाइल सेवाओं में पारदर्शिता और सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला किया है। अब देश में सभी मोबाइल नंबरों के लिए केवॉयसी यानी नो योर कस्टमर प्रक्रिया को पूरी तरह अनिवार्य कर दिया है। सरकार के इस फैसला विशेष रूप से उन उपभोक्ताओं पर असर पड़ेगा जो अब तक बिना पूरी पहचान के प्रीपेड सिम कार्ड ले लेते थे। पहले तक प्रीपेड ग्राहकों को कुछ हद तक केवॉयसी में छूट दी गई थी, लेकिन अब यह छूट पूरी तरह से समाप्त कर दी गई है।

अब चाहे मोबाइल नंबर प्रीपेड हो या पोस्टपेड, ग्राहक को पहचान और पते का प्रमाण भी देना ही




होगा। यह प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से जैसे टेलीकॉम कंपनियों की वेबसाइट या ऐप के जरिए या फिर ऑफलाइन टेलीकॉम स्टोर्स पर जाकर पूरी की जा सकती है। सरकार का कहना है कि यह कदम देश में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए उठाना जरुरी था। मोबाइल नंबरों का दुरुपयोग टेरर फंडिंग, मनी लॉन्ड्रिंग और साइबर फ्रॉड जैसी गतिविधियों में किया जाता है।

बिना केवॉयसी वाले नंबर इन अपराधों में सहायक हो सकते हैं, इसलिए इस फैसले से इन पर काफी हद तक नियंत्रण लगेगा। इसके अलावा हर मोबाइल नंबर एक वैध और प्रमाणित व्यक्ति से जुड़ा होगा, जिससे सरकार को आपातकालीन सेवाओं और कल्याणकारी योजनाओं की डिलीवरी में भी मदद मिलेगी। इस नए नियम का असर प्रीपेड मोबाइल यूजर्स पर पड़ेगा। उन्हें अब सिम खरीदते समय पूरी केवॉयसी प्रक्रिया से गुजरना होगा। यह प्रक्रिया थोड़ी समय लेने वाली और असुविधाजनक लग सकती है, लेकिन सरकार का मानना है कि इससे लंबे समय में आम नागरिकों को ही फायदा होगा।

वहीं पोस्टपेड यूजर्स पर इसका प्रभाव सीमित रहेगा क्योंकि वे पहले से ही केवॉयसी प्रक्रिया से गुजर होंगे। हालांकि उन्हें भी समय-समय पर अपनी जानकारी अपडेट करनी होगी। कुल मिलाकर सरकार का यह कदम मोबाइल यूजर्स की सुरक्षा बढ़ाने, डिजिटल ट्रैकिंग को मजबूत करने और अवैध कार्यों को रोकने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# चेतक स्कूटर नए इलेक्ट्रिक स्कूटर के रूप में होगा लॉन्च

**नई दिल्ली।** स्वदेशी ऑटोमोबाइल कंपनी बजाज ऑटो जल्द ही अपने मशहूर चेतक स्कूटर को नए इलेक्ट्रिक रूप में लॉन्च करेगी। यह स्कूटर चेतक 3001 नाम से लांच होने वाला है। यह स्कूटर क्लासिक डिजाइन के साथ स्मार्ट फीचर्स से लैस होगा। कंपनी इसे शहरी उपभोक्ताओं के लिए एक किफायती, भरोसेमंद और पर्यावरण अनुकूल विकल्प के तौर पर पेश करेगी। बजाज चेतक 3001 में 3.1 किलोवॉट की इलेक्ट्रिक मोटर दी गई है, जो अधिकतम 62 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार दे सकती है। इसमें लगभग 3 किलोवॉट-घंटा क्षमता वाली बैटरी दी जाएगी, जो रोजमर्रा की जरूरतों जैसे ऑफिस जाना, बाजार के काम आदि के लिए काफी होगी। चेतक 3001 का लुक पुराने चेतक मॉडल की ही तरह क्लासिक और मेटल बॉडी वाला होगा, जिससे इसका आकर्षण बढ़ेगा। इसकी लंबाई 1914 मिमी, चौड़ाई 725 मिमी और ऊंचाई 1143 मिमी होगी। ग्राउंड क्लीयरेंस 168 मिमी और व्हीलबेस 1355 मिमी रहेगा, जिससे यह स्कूटर शहर की सड़कों पर संतुलन और आरामदायक सवारी देगा। इसका वजन 123 किलोग्राम होगा और इसमें दोनों पहियों में 90/90-12 साइज के टायर दिए जाएंगे। फिलहाल कंपनी ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि यह स्कूटर चेतक 2901 को रिप्लेस करेगा या नहीं, लेकिन माना जा रहा है कि यह मॉडल अधिक पावर और बेहतर फीचर्स के साथ पेश किया जाएगा।

# सेंसेक्स 83 अंक गिरकर 81,362 पर बंद, निफ्टी भी 19 अंक फिसला

## सरकारी बैंकिंग, रियल्टी और मेटल शेयर्स 2% गिरे

**मुंबई, एजेंसी**

हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार, 19 मई को सेंसेक्स 83 अंक गिरकर 81,362 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 19 अंक की गिरावट रही, ये 24,793 के स्तर पर आ गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में गिरावट और 8 में तेजी रही। अडाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस और टेक महिंद्रा सहित कुल 10 के शेयर्स 2.50 प्रतिशत तक गिरे। M&M, टाइटन और मारुति के शेयरों में 1.6 प्रतिशत तक की तेजी रही। निफ्टी के 50 में से 33 शेयरों में गिरावट और 17 में तेजी रही। NSE का PSU बैंकिंग सेक्टर सबसे ज्यादा 2.04 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा, मीडिया में 1.91 प्रतिशत, रियल्टी में 1.60 प्रतिशत, मेटल में 1.29 प्रतिशत और IT में 0.94 प्रतिशत की गिरावट रही। अकेले ऑटो सेक्टर 0.52 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 397 अंक (1.02 प्रतिशत) नीचे 38,488 पर बंद हुआ। कोरिया के कोस्पी में 6 अंक की तेजी रही, ये 2,978 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 473 अंक (1.99 प्रतिशत) गिरकर 23,238 के स्तर पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 27 अंक (0.79 प्रतिशत) नीचे 3,362 पर बंद हुआ।



18 जून को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.10 प्रतिशत गिरकर 42,172 पर बंद हुआ। वहीं, नैस्डेक कंपोजिट 0.13 प्रतिशत ऊपर 19,546 पर और S&P 500 मामूली गिरावट के साथ 5,981 पर बंद हुआ। 18 जून को विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 890.93 करोड़ रुपए और घरेलू निवेशकों ने 1,091.34 करोड़ रुपए की नेट खरीदारी की। जून महीने में अब तक विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 4,978.11 करोड़ की बिकवाली की है। जबकि घरेलू निवेशकों ने 59,230.21 करोड़ की नेट खरीदारी है। मई महीने में विदेशी निवेशकों की नेट खरीदारी 11,773.25 करोड़ रुपए रही। वहीं, घरेलू निवेशकों ने भी महीनेभर में 67,642.34 करोड़ की नेट खरीदारी की थी।

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार, 18 जून को सेंसेक्स 139 अंक गिरकर 81,445 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 41 अंक की गिरावट रही, ये 24,812 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 10 में तेजी जबकि 20 में गिरावट रही। TCS, अडाणी पोर्ट्स और ॥रु के शेयर 2 प्रतिशत तक नीचे आ गए। जबकि, इंडसइंड बैंक का शेयर 4.44 प्रतिशत चढ़ा। टाइटन, रू रूऔर मारुति के शेयरों 2 प्रतिशत तक की तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 14 में तेजी, जबकि 36 में गिरावट रही। NSE के ऑटो, प्राइवेट बैंक और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के शेयरों में 0.8 प्रतिशत तक की तेजी रही। वहीं, फार्मा, IT, मेटल और मीडिया शेयर्स 1.3 प्रतिशत तक गिरे।

## ओपनएआई के सीईओ का बड़ा बयान

# एआई अभी एक इंटर्न, जल्द ही सॉफ्टवेयर इंजीनियर बन जाएगा

**मुंबई, एजेंसी**

इन दिनों कई बड़ी टेक दिग्गज कंपनियां एआई को और ज्यादा एडवांस बनाने में लगी हैं। इसी बीच ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की मौजूदा क्षमता को लेकर बड़ा बयान दिया है। दरअसल उनका कहना है कि एआई अभी एक इंटर्न है, लेकिन बहुत तेजी से यह टेक्नोलॉजी अनुभवी सॉफ्टवेयर इंजीनियर जैसी योग्यता हासिल कर लेगा। यानी आने वाले दिनों में एआई नेक्स्ट लेवल पर पहुंच सकता है।




ऑल्टमैन ने बताया कि आज एआई ऐसा इंटर्न है जो कुछ घंटों तक काम कर सकता है, लेकिन जल्द ही यह ऐसा अनुभवी इंजीनियर बन जाएगा जो कई दिनों तक लगातार मुश्किल काम भी आसानी से कर लेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगले साल तक हमें इसतरह के एआई एजेंट भी देखने को मिल जाएंगे जो मुश्किल काम आसानी से कर दें और नए ज्ञान की खोज तक कर सकते हैं। ऑल्टमैन का कहना है कि फ्यूचर में एआई मुश्किल कोडिंग को आसानी से हल करने, सॉफ्टवेयर आर्किटेक्चर डिजाइन करने और स्ट्रेटेजिक डेवलपमेंट के फैसलों में अहम भूमिका निभा सकता है।

इतना ही नहीं ऑल्टमैन ने यहां तक कह दिया है कि आने वाले वक्त में सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को रेगुलर कोडिंग से आगे बढ़कर अपने आप को और बेहतर करना होगा। सीईओ ने यह बात तब कही है जब एआई की वजह से लोगों की नौकरियां जा रही हैं और हर तरफ इस पर बहस छिड़ गई है।

ऊर्जा मंत्री ने 47 ट्राई साईकिल, 2 व्हील चेयर एवं 359 हितग्राहियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

# आर्थिक रूप से कमजोर व असहायों की मदद के लिए सरकार कटिबद्धः मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर



**विजय मत, भोपाल**

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने गुरुवार को दिव्यांगों को 47 ट्राई साईकिल व 2 व्हील चेयर एवं 359 हितग्राहियों को कामकाजी महिला कार्ड, आयुष्मान कार्ड, कल्याणी पेंशन और राशन पात्रता पर्चियों का वितरण किया। ग्वालियर रेसकोर्स रोड स्थित स्थानीय आवास पर यह सहायता वितरित करते हुए ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इसी भाव के साथ प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से कमजोर, असहाय एवं अन्य जरूरतमंदों की मदद पूरी प्रतिबद्धता के साथ कर रही है।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने जन समुदाय से कहा कि आप सबके सहयोग से ग्वालियर उप नगर की तस्वीर बदल रही है। केन्द्र व राज्य सरकार कृत संकल्पित होकर देश व प्रदेश के विकास में जुटी हैं। सरकार से ग्वालियर उपनगर के विकास के लिये लगातार धनराशि प्राप्त हो रही है, इससे इस क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज मैं ट्राई साईकिल वितरण कर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि स्वच्छता के मामले में ग्वालियर को अव्वल बनाना है। इसलिए अपने घर व अपनी गली को स्वच्छ रखना हमें अपनी आदत में शामिल करना होगा, तभी हम स्वच्छ ग्वालियर के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर राज्य और केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत 359 हितग्राहियों को हित लाभ के प्रमाण पत्र वितरित किए गये। ऊर्जा मंत्री ने कहा वे नियमित रूप से फेसबुक पर लाइव होते हैं। इसके जरिए भी मुझसे जुड़कर नाकरिक अपनी समस्या बता सकते हैं। तोमर ने यह भी कहा हम सभी संकल्प लें कि हमें नशा मुक्त और स्वच्छ ग्वालियर बनाना है।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज करेंगे सदानीरा समागम का शुभारंभ

- जलसंरचनाओं को बचाने देश में पहली बार एकजूट हो रहे अनेक कलाओं के 200 से अधिक ख्यात लोग
- 25 जून 2025 तक भारत भवन में आयोजित होंगे वैचारिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम



**विजय मत, भोपाल**

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सदानीरा समागम का शुभारंभ भारत भवन में 20 जून को सायं 6 बजे माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय संस्कृति राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी करेंगे। 25 जून तक आयोजित इस समागम का आरंभ ऋषिकेश पांडे द्वारा निर्देशित लघु फिल्म सदानीरा के लोकार्पण से होगा। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री डॉ. यादव वीर भारत न्यास, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् एवं मध्यप्रदेश जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तकों सदानीरा, पृथ्वी पानी का देश है..., अमृत जलधारा (चार खंड) व जल धरा का विमोचन भी करेंगे। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन, संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

माननीय मुख्यमंत्रीजी के संस्कृति सलाहकार एवं वीर भारत न्यास के न्या?सी सचिव श्रीराम तिवारी ने बताया कि सदानीरा समागम देश में अकेला ऐसा समारोह होने जा रहा है जो नदियों, जलस्रोतों, जल संरचनाओं को संवर्धित एवं संरक्षित करने विविध गतिविधियों से भरा है। ऐसा पहली ही बार हो रहा है कि साहित्य, कला व विज्ञान सहित अनेक माध्यमों के लगभग 200 से अधिक वैज्ञानिक, पुरातत्वविद, साहित्यकार, लेखक, पत्रकार, सिने अभिनेता व नाट्य कलाकार सहभागी हो रहे हैं।

## न्यूज इन शॉर्ट

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ईरान से भारतीयों की वापसी पर प्रधानमंत्री मोदी का माना आभार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने युद्धग्रस्त ईरान में फंसे 110 भारतीय नागरिकों की सकुशल स्वदेश वापसी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार माना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में संचालित ऑपरेशन सिन्धु संकट के समय में नागरिकों की सुरक्षा के प्रति सरकार की संवेदनशीलता का पर्याय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस ऑपरेशन की सफलता 'नए भारत' के अतुल्य सामर्थ्य और कर्तव्यबोध का प्रेरणादायक प्रमाण है। भारत सरकार ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार अपने नागरिकों को विपरीत परिस्थितियों में कभी अकेला नहीं छोड़ती है।

### प्रदेश में 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण, 12 ट्रेड में दिया गया प्रशिक्षण

**भोपाल।** प्रदेश के 2383 सरकारी स्कूलों में कक्षा-9वीं से 12वीं तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी कौशल विकास के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा व्यावसायिक शिक्षा योजना संचालित की जा रही है। पिछले शैक्षणिक सत्र में 12 ट्रेड्स में करीब 4 लाख 5 हजार विद्यार्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिलाया गया। 12 ट्रेड में एग्रीकल्चर, अपेरल, ऑटोमोटिव, ब्यूटी एण्ड वेलनेस, बैंकिंग एण्ड फायनेंस सर्विसेस, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर, हेल्थ केयर, रिटेल, फिजिकल एजुकेशन, टूरिज्म एण्ड हॉस्पिटेलिटी, प्लम्बर और आईटी विधाओं से जुड़े हैं। इस शैक्षणिक सत्र में भी व्यावसायिक शिक्षा के और नये ट्रेड्स शुरू किये जाने पर स्कूल शिक्षा विभाग योजना तैयार कर रहा है।

### शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में होंगे सामूहिक योग कार्यक्रम

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को भोपाल जिले की सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें योगासन, प्राणायाम, मुद्रा, ध्यान की जागरूकता एवं अभ्यास करवाए जाएंगे। इस वर्ष यह दिवस एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर मनाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ.मनीष शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के लिए स्वास्थ्य संस्थाओं द्वारा योग संगम पोर्टल पर पंजीयन किया जा रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आयोजित योग सत्रों में सहभागिता के लिए स्थानीय नागरिकों को प्रेरित किया जा रहा है।

### 5वीं और 8वीं पुनः परीक्षा के परिणाम 20 जून को होंगे घोषित, विद्यार्थी दोपहर 3 बजे से देख सकेंगे परिणाम

**भोपाल।** प्रदेश में राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पेटर्न पुनः परीक्षा के परिणाम शुक्रवार 20 जून को दोपहर 3 बजे पोर्टल पर घोषित होंगे। विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षकगण परिणाम राज्य शिक्षा केन्द्र के वेबपोर्टल https://www.rskmp.in/result.asp& पर रोल नम्बर प्रविष्ट कर देख सकते हैं। इसी पोर्टल पर शिक्षक, संस्था प्रमुख अपनी शाला का विद्यार्थीवार परिणाम भी देख सकेंगे। उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षाओं का संचालन विगत 2 से 9 जून के मध्य किया गया था। इनमें प्रदेश की शासकीय, अशासकीय शालाओं एवं पंजीकृत मदरसों के कक्षा 5वीं के 86 हज़ार से अधिक तथा कक्षा 8वीं के एक लाख 24 हज़ार से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे।

नीमच-मंदसौर में भारी बारिश, भोपाल-इंदौर में भी गिरा पानी

# मानसून ने पूरे मध्य प्रदेश को किया कवर भोपाल सहित कई जिलों में बारिश का अलर्ट

**विजय मत, भोपाल**

मध्यप्रदेश में मानसून ने अब पूरा प्रदेश कवर कर लिया है। गुरुवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, रतलाम, मंदसौर, नीमच, राजगढ़ और हरदा समेत कई जिलों में बारिश का दौर जारी है। भोपाल में सुबह से बादल छाए है। रुक-रुककर बारिश हो रही है। इंदौर में दोपहर 1 बजे से पानी गिरने लगा। महू के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पातालपानी के सूखे झरने में भी पानी बहने लगा है।

मालवा क्षेत्र में भारी बारिश के चलते नदी नाले उफान पर आ गए। नीमच में उफनती पुलिया पार करने के दौरान दो बाइक सवार बह गए। लोगों ने उन्हें बचा लिया। मंदसौर में सड़कों पर डेढ़ फीट तक पानी भर गया है। ग्वालियर में सड़क पर चलती कार पर एक पेड़ गिर पड़ा। इससे कार सवार घायल हो गया। हादसे के कारण जाम भी लग गया।



### आज इन जिलों में बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने शुक्रवार को नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, श्योपुर, शिवपुरी, गुना और अशोकनगर में यलो अलर्ट (मध्यम बारिश) जारी किया है। वहीं, बड़वानी, अलीराजपुर, धार, खरगोन, उज्जैन, शाजापुर, देवास, राजगढ़, सीहोर, भोपाल, आगर-मालवा विदिशा में हल्की बारिश हो सकती है। रायसेन, नर्मदापुरम, सागर, ग्वालियर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और सतना में भी बारिश का दौर जारी रहेगा।

### तीन सिस्टम करा रहे बारिश

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, दो लो प्रेशर एरिया (कम दबाव का क्षेत्र) और तीन साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से अगले 4 दिन तक प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है। कहीं अति भारी तो कहीं भारी बारिश हो सकती है। यानी, 24 घंटे के दौरान ढाई से 8 इंच तक पानी बरस सकता है।

### मंदसौर में सड़क पर गड्ढे में फंसी बाइक

मंदसौर में भारी बारिश से सड़कों पर पानी भर गया है। जिसके चलते बीपीएल चौराहे पर एक बाइक गड्ढे में फंस गई। जिसे कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।

### जबलपुर में भी झमाझम बारिश

जबलपुर में भी मानसून ने दस्तक दे दी है। गुरुवार दोपहर में झमाझम बारिश शुरू हो गई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

### राजगढ़ के ब्यावरा में भारी बारिश

राजगढ़ जिले के ब्यावरा में दोपहर 1 बजे से एक घंटे से अधिक समय तक लगातार तेज बारिश हुई। जिले के सुठालिया, मलावर, करनवास सहित आसपास के गांवों में भी पानी गिरा। मौसम विभाग ने क्षेत्र में 18.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की।

*प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पातालपानी का झरना शुरू... महू में गर्मी में सूखे पड़े झरनों में पानी आने से पर्यटक और ग्रामीणों में उत्साह नजर आ रहा है। गुरुवार को पातालपानी के झरने में पानी बहने लगा। दरअसल, पहाड़ी क्षेत्र में हुई बारिश के बाद चोर नदी के रास्ते पानी पातालपानी के झरने में आता है। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और सैलानी यहां पहुंचे। झरना शुरू होने के बाद अब वीकेंड पर बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचेंगे। यहां दुकान लगाने वाले भी खुश हैं। उनका कहना है कि झरना देखने पर्यटक आएंगे तो क्षेत्र में रोजगार बढ़ेगा।*

# अपने भीतर के पत्रकार को जगाए रखेंः कुलगुरु तिवारी



- सरकार और समाज के बीच सेतु का कार्य करते हैं पीआरओः प्रवीण दुबे
- जनसंपर्क अधिकारियों का कार्य 24 घंटे काः गुरमीत सिंह वाधवा

**विजय मत, भोपाल**

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग के नवनियुक्त सहायक जनसंपर्क अधिकारियों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ गुरुवार को विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी एवं अपर संचालक गुरमीत सिंह वाधवा ने किया। इस अवसर पर कुलगुरु तिवारी ने कहा कि जनसंपर्क अधिकारियों में जन शब्द लगा है इसीलिए उन्हें जन का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि पी आर ओ को लिखते समय अपने भीतर के पत्रकार को मरने नहीं देना चाहिए, उसे हमेशा जगाए रखना चाहिए। तिवारी ने कहा कि पीआरओ सीधे जनता से जुड़ेंगे तो जनता को अच्छा लगेगा। अच्छा लिखने की बात करते हुए उन्होंने कहा कि अच्छा लिखने का सामर्थ अच्छा पढ़ने से आता है इसलिए आपको खूब पढ़ना चाहिए ताकि अच्छा लिख सको। तिवारी ने कहा कि अगले 25 साल अतिमहत्वपूर्ण हैं। 2047 में जब आजादी के 100 साल पूरे होंगे तो इसमें आपका भी योगदान और भूमिका बहुत बड़ी होगी। कुलगुरु ने कहा कि जनसंपर्क अधिकारियों को अच्छी मंशा एवं नियत के साथ कार्य करना चाहिए। गांव में बहुत अच्छे अच्छे कार्य करने वाले, नवाचार करने वाले लोगों से, सरपंचों से मिलना चाहिए और उनकी कहानियों को लेखन के माध्यम से लोगों तक पहुंचाना चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्यान, इंफ्रास्ट्रक्चर आदि जनता से सीधे जुड़े विषय पर लेखन करने की बात करते हुए उन्होंने कहा कि आप जिस भी जिले में जाएं उसके इतिहास, वहां की खूबियों के बारे

भारिया जनजाति की बेटी शांति बनी प्रदेश का गौरव

# जिले में भारिया जनजाति की पहली छात्रा जिसने पाई नीट में सफलता

**विजय मत, भोपाल**

मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के सुदूर जनजातीय अंचल से निकलकर जिले की एक बेटी ने नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर इतिहास रच दिया है। सीमित संसाधनों, कठिन परिस्थितियों और सामाजिक चुनौतियों को पीछे छोड़ते हुए कुमारी शांति पचलिया ने यह साबित कर दिया कि अगर इरादा मजबूत हो, सपने सिर्फ देखे नहीं, पूरे भी किए जा सकते हैं। विशेष पिछड़ी जनजाति भारिया से ताल्लुक रखने वाली छात्रा कु. शांति, छिंदवाड़ा जिले की पहली छात्रा बन गई हैं जिसने नीट की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि ने न सिर्फ उनके परिवार, गाँव और समुदाय को गौरवान्वित किया है, बल्कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले हजारों विद्यार्थियों को एक नई प्रेरणा भी दी है।



शांति का जन्म 23 अप्रैल 2007 को विकासखण्ड हर्रई के ग्राम बालूसार में हुआ। उनके पिता लिट्टी पचलिया कृषक हैं और माता श्रीमती लता पचलिया गृहिणी हैं। शांति ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई शासकीय विद्यालयों से की और वर्तमान में आदिवासी उत्कृष्ट छात्रावास हर्रई में निवास करती हैं। पढ़ाई के लिए उन्होंने रोजाना 4 से 5 घंटे तक कड़ी मेहनत की और नीट 2025 परीक्षा में सफल हुईं। आर्थिक और सामाजिक रूप से सीमित संसाधनों के बावजूद शांति का सपना था डॉक्टर बनकर अपने गाँव की सेवा करना।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शिक्षण संस्थाओं में होगा सामूहिक योग

**भोपाल।** प्रदेश में ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून 2025 को प्रदेश की शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक योग प्रदर्शन के लिये लोक शिक्षण संचालनालय ने दिशा निर्देश जारी किये है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी - एक स्वास्थ्य के लिये योग रखी गई है। दिये गये निर्देशों में कहा गया है कि शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक योग प्रदर्शन के लिये आयुष मंत्रालय के कॉमन योग प्रोटोकॉल का पालन किया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 के आयोजन से संबंधित अतिरिक्त जानकारी, जिसमें ब्रांडिंग किट, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से संबंधित आवश्यक सहायक सामग्री, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 10 प्रमुख कार्यक्रमों से संबंधित व्यापक पाठ्य सूचना और लिंक की जानकारी दिशा निर्देश के साथ भेजी गयी है। संपूर्ण प्रदेश में योग कार्यक्रम के लिये निर्धारित पल प्रतिपल समय सारणी के अनुसार आयोजित किया जायेगा।

# पीएम जनमन अभियानः छिंदवाड़ा में 1067 भारिया परिवारों को मिले पक्के आवास

**विजय मत, भोपाल**

प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत छिंदवाड़ा के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में निवासरत 1067 भारिया जनजाति के परिवारों को पक्के आवास आवंटित किये गये। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनजाति संवर्ग के उत्थान के लिये प्रतिबद्ध प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस योजना को मध्यप्रदेश में शत प्रतिशत मूर्तरूप दिया जायेगा। जिला प्रशासन द्वारा आवास आवंटन के साथ ही सामूहिक खरीदी के नवाचार से एक करोड़ रूपये की बचत भी संभव हुई है।

प्रधानमंत्री जनमन अभियान के तहत छिन्दवाड़ा को कुल 5825 आवासों का लक्ष्य प्रदान किया गया था, जिसके अंतर्गत चौरई, हर्रई, तामिया, अमरवाड़ा, जुन्नारदेव एवं परासिया जनपद के दुर्गम क्षेत्रों में निवासरत भारिया हितग्राहियों को योजना का लाभ देना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। ग्रामों की दूर-दराज़ स्थिति (जिला मुख्यालय से 100-125 कि.मी.) के कारण स्थानीय भवन सामग्री विक्रेताओं द्वारा महंगे दाम और कम गुणवत्ता वाली सामग्री हितग्राहियों को दिये जाने से भी आवास निर्माण में बाधा थी। इससे कई परिवारों ने आवास निर्माण में रुचि ही लेना बंद कर दिया था। इस स्थिति पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने अधिकारियों के साथ स्वयं मौका स्थल का भ्रमण कर हितग्राहियों से चर्चा की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया। उन्होंने जनपद पंचायतों के अमले, सहायक यंत्री, और ग्राम पंचायतों के सरपंच आदि से सामूहिक चर्चा की जिसमें ग्रामवासियों और सामग्री विक्रेताओं के साथ संवाद स्थापित कर कम दर पर उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई। जिला प्रशासन द्वारा जनपद स्तर पर थोक विक्रेताओं से संपर्क कर भवन निर्माण सामग्री की दरों को भी पूर्व निर्धारित किया गया। सीमेंट, ईंट, गिट्टी, सरिया, सेंटरिंग आदि निर्माण सामग्री स्थानीय दरों से 2 से 55 रूपये तक सस्ती दरों पर हितग्राहियों के ग्रामों में ही थोक में पहुँचाई गई। इस नवाचार से न केवल परिवहन लागत बची, बल्कि समय पर सामग्री मिलने से अधिकांश हितग्राहियों ने 2 माह से भी कम समय में अपने पक्के आवास तैयार कर लिए।

**खास-खबर** जल गंगा संवर्धन अभियान

# शासकीय-अशासकीय भवनों में जल संग्रहण के लिये वॉटर हार्वेस्टिग को प्राथमिकता

**विजय मत, भोपाल**

प्रदेश मेंजल गंगा संवर्धन अभियान में 30 मार्च से शुरू किये गये कार्य लगभग पूरे किये जा चुके है। जिला प्रशासन द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा की जा रही है। प्रदेशव्यापी अभियान 30 जून को संपन्न हो जायेगा। जिलों में जल स्त्रोतों के आसपास व्यापक पौधरोपण योजना तैयार की जा रही है। जल संरक्षण के लिये शासकीय-अशासकीय भवनों में वॉटर हार्वेस्टिग को प्राथमिकता दी गई है।

अशोक नगर में जल गंगा संवर्धन अभियान में संविधान वाटिका एवं पिपलेश्वर महादेव मंदिर न्यायालय परिसर में जल संरक्षण के लिये रैन वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम का निर्माण किया गया है। यह कार्य जिला न्यायाधीश संजीव सिंघल के मार्गदर्शन में किया गया। वर्षा काल के दौरान जल को संरक्षित करने के लिए वॉटर हार्वेस्टिंग का निर्माण किया गया है। संविधान वाटिका एवं पिपलेश्वर महादेव मंदिर न्यायालय परिसर में सोखते गड्ढो का निर्माण किया गया है।





खंडवा जिले में गिरते भू-जल स्तर को रोकने और वर्षा जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिये जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के सभी शासकीय और निजी भवनों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर स्थापित किए जा रहे हैं। इस पहल में जिला प्रशासन, नगरीय और ग्रामीण स्थानीय निकायों, उद्योगों, स्वयंसेवी संगठनों, स्वयं सहायता समूहों, गृहस्वामियों, पंचायतों और समुदाय आधारित संगठनों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। खंडवा में इस विषय को लेकर जल संवाद कार्यशाल हुई। कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों को पानी की बचत की शपथ दिलाई गई। कार्यशाला को कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने संबोधित किया।

नरसिंहपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में ग्रामीण अंचल में जल सहेजने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की विभिन्न समितियों द्वारा दीवार लेखन का कार्य किया जा रहा है। दीवार लेखन के माध्यम से विभिन्न प्रेरक स्लोग के जरिये लोगों को प्रेरित कर जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड चीचली के ग्राम रहमा-बेलखेड़ी में जल संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से दीवार लेखन का कार्य किया गया।

# जल-जंगल-जमीन से बेदखली का षड्यंत्र भाजपा राज में वन अधिकार अधिनियम ठप्प



**विजय मत, भोपाल**

भोपाल में आज आयोजित संयुक्त पत्रकार वार्ता में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव और कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य कमलेश्वर पटेल ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आदिवासियों के साथ अन्याय, जल-जंगल-जमीन से बेदखली और झूठे आरोपों के ज़रिए दमन करने के गंभीर आरोप लगाए। तीनों वरिष्ठ नेताओं ने सरकार की नीतियों को आदिवासी विरोधी बताते हुए कहा कि भाजपा विकास के मुद्दों से भटक चुकी है और अब वह केवल धर्म की राजनीति कर रही है। उमंग सिंघार ने सरकार पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि वह आदिवासियों को उनके पारंपरिक अधिकारों से वंचित कर रही है। हजारों आदिवासी परिवारों के पट्टे बिना किसी पूर्व सूचना के खारिज कर दिए गए हैं। सरकार की इस कार्रवाई से यह स्पष्ट है कि वह जल, जंगल और जमीन पर आदिवासियों का हक छीनना चाहती है।

### सेवा और संवेदनशीलता के साथ मनाया गया राहुल गांधी का जन्मदिन

भोपाल स्थित एम्स अस्पताल परिसर के बाहर आज नेता विपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस को सेवा एवं न्याय दिवस के रूप में मनाया गया।



इस अवसर पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने अस्पताल परिसर में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों को भोजन वितरण कर सेवा भाव से यह दिन समर्पित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, सांसद अशोक सिंह, पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, वरिष्ठ नेता चंद्रकांत दुबे, प्रवीण सक्सेना, अनोखी पटेल , राहुल राठौड़, सीताशरण सूर्यवंशी, अभिनव बरोलिया, आशुतोष चौकसे, राहुल राज, नवीन चौबे, धर्मेंद्र राय, रवि परमार, श्याम राजोरिया राकेश यादव, विजय गुप्ता, वात्स्यायन जैन, रजनी दुबे, विवेक त्रिपाठी, प्रकाश चौकसे, नितेश नेमा, सुजीत शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला मो.-8889977997
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com